दैनिक
RNI No.- MPHIN/2008/44714
# माधव एक्सप्रेस
वर्ष -15, अंक - 299 | उज्जैन, बुधवार 04 जनवरी 2023 | पृष्ठ - 8 | मूल्य 1 रूपया

## ब्रीफ न्यूज़

### भारत में प्रति 10 लाख लोगों पर 50 न्यायाधीशों की आवश्यकता है: अभय एस. ओका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय एस। ओका ने कहा है कि भारत में प्रति 10 लाख लोगों पर 50 न्यायाधीशों की आवश्यकता है लेकिन वर्तमान में यह आंकड़ा प्रति दस लाख लोगों पर केवल 21 है जिससे लंबित मामलों की संख्या बढ़ रही है। वह दृष्टिहीन बच्चों और अन्य दिव्यांग बच्चों के लिए काम करने वाले संगठन ह्यसोबती द्वारा इसकी 16वीं वर्षगांठ पर महाराष्ट्र के पालघर जिले के वाडा में आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। न्यायमूर्ति ओका ने यह भी कहा कि समाज के सदस्यों को उन संस्थानों की मदद के लिए आगे आना चाहिए जो दिव्यांग बच्चों को सहायता प्रदान करने के क्षेत्र में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि विदेश में सरकार दिव्यांग बच्चों के परिवारों की मदद करती है लेकिन दुर्भाग्य से भारत में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

### दिल्ली में लड़की को अपनी कार के नीचे 13 किमी तक घसीटने वालों को पता था कि वह कार के नीचे फंस गई है

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सुल्तानपुरी में हुई युवती की मौत के मामले में पीड़िता की दोस्त ने मीडिया को बताया कि दिल्ली में उस 20 वर्षीय लड़की को अपनी कार के नीचे 13 किमी तक घसीटने वाले लोगों को पता था कि वह कार के नीचे फंस गई है। पुलिस को जांच में यह पता चला था कि जो अंजलि सिंह के साथ न्यू ईयर पार्टी में गई थी उसी स्कूटी पर पीछे एक और लड़की बैठी थी। जिसका नाम निधि है। लड़की कार के कथित तौर पर स्कूटी से टकराने के बाद गिर गई थी और अंजलि को कार के नीचे घसीटते देख उसकी दोस्त डर से घर चली गई। पीड़िता की दोस्त निधि ने मीडिया से कहा बलेनो ने हमें सिर पर टक्कर मारी। मैं एक तरफ गिर गई और वह सामने की ओर गिर गई। मेरी दोस्त कार के नीचे फंस गई था। कार में बैठे लोगों को पता था कि वह उनकी कार के नीचे है। लड़की कार के नीचे फंसी हुई थी और वह चिल्ला रही थी। मैं डर से घर चली गई। दिल्ली में एक 20 वर्षीय लड़की की स्कूटी को कथित तौर पर एक कार ने टक्कर मारी और फिर कुछ किलोमीटर तक उसे घसीटते चले गए।

### भारत में कोरोना वायरस के एक्सबीबी.1.5 स्वरूप के पांच संक्रमित मरीज मिले

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस के एक्सबीबी.1.5 स्वरूप के पांच संक्रमित मरीज मिले हैं। कोरोना वायरस का यही स्वरूप अमेरिका में संक्रमण के मामले बढ़ने के लिए जिम्मेदार है। भारतीय सार्स-सीओवी-2 जीनोमिक्स संघ के आंकड़ों के अनुसार इन पांच मामलों में से तीन मामले गुजरात में और एक-एक कर्नाटक तथा राजस्थान में सामने आए हैं। एक्सबीबी.1.5 स्वरूप ओमीक्रोन के एक्सबीबी स्वरूप से ही संबंधित है। अमेरिका में संक्रमण के 44 प्रतिशत मामले एक्सबीबी और एक्सबीबी.1.5 के हैं। जीनोमिक्स संघ ने अपने बुलेटिन में कहा है कि कोरोना वायरस का ओमीक्रोन स्वरूप और इससे उत्पन्न अन्य स्वरूप भारत में प्रमुखता से बने हुए हैं जिसमें ह्यएक्सबीबी प्रमुख है। वैसे देश में फिलहाल कोविड के संक्रमित और नए मामले नियंत्रण में हैं। पिछले 24 घंटे में भारत में कोरोना के 134 नए मामले सामने आए हैं जबकि इलाजरत मरीजों की संख्या कम होकर 2582 हो गई है।

### जनता दल यूनाइटेड भारत जोड़ो पदयात्रा में शामिल नहीं होगी: नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा को पूरी तरह से कांग्रेस का आंतरिक मामला बताते हुए कहा है कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) पदयात्रा में शामिल नहीं होगी। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान जदयू के कुछ नेताओं द्वारा यह कहे जाने कि उत्तर प्रदेश में वे कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगे नीतीश ने कहा यह उनकी पार्टी का कार्यक्रम है। हर पार्टी को यात्रा करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि एकजुट विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरा सकता है। जब अपनी पार्टी का कार्यक्रम कर लेंगे तब हम उन लोगों के साथ बैठकर कैसे तालमेल होगा यह सब तय करेंगे। हालांकि नीतीश ने हाल ही में यह स्पष्ट किया था कि उन्हें राज्य में अपने सहयोगी कांग्रेस जो राहुल गांधी को ह्यह्यविपक्ष के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश कर रही है के साथ कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा था कि मुझे कोई समस्या नहीं है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय के साथ टेलीफोन पर बातचीत की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय के साथ टेलीफोन पर बातचीत की है। यूनाइटेड किंग का पद ग्रहण करने के बाद किंग चार्ल्स-तृतीय के साथ यह प्रधानमंत्री की पहली बातचीत हुई है। पीएम मोदी और किंग चार्ल्स के बीच जलवायु कार्रवाई जैव विविधता के संरक्षण और ऊर्जा परिवर्तन के वित्तपोषण के लिए अभिनव समाधानों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही भारत की जी-20 अध्यक्षता मिशन छक्रए की प्रासंगिकता पर बातचीत हुई। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इसकी जानकारी दी है।

### रॉ के पूर्व सचिव अमरजीत सिंह दुलत राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए

**नई दिल्ली।** भारतीय खुफिया ब्यूरो के पूर्व विशेष निदेशक और रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व सचिव अमरजीत सिंह दुलत शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी मंगलवार को राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। मायावती और अखिलेश यादव जैसे नेताओं ने सोमवार को भारत जोड़ो यात्रा के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। लेकिन वे उत्तर प्रदेश में यात्रा में शामिल नहीं होंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा 9 दिनों के क्रिसमस और नए साल के अवकाश के बाद आज उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर गई। यात्रा आज सुबह करीब 10 बजे कश्मीरी गेट के पास दिल्ली के मरघट हनुमान मंदिर से फिर शुरू हुई। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सुबह दिल्ली के मरघट हनुमान मंदिर में दर्शन किए। मंदिर के महंत वैभव शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी ने मन ही मन मंत्रोच्चारण किया और हनुमान जी की मूर्ति के सामने माथा टेका। शिवसेना की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी मंगलवार को राहुल गांधी द्वारा उन्हें निमंत्रण भेजे जाने के बाद भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं। उन्होंने कहा समय आ गया है कि विपक्ष एकजुट होकर देश के मौजूदा हालात का मुकाबला करे।

### 27 जनवरी 2023 को छात्रों से परीक्षा पर चर्चा करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों के साथ अक्सर मौका मिलते ही संवाद करने की कोशिश करते हैं। परीक्षा से पहले छात्रों से संवाद करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से परीक्षा पर चर्चा की शुरूआत की गई थी। 2023 में भी प्रधानमंत्री मोदी परीक्षा पर चर्चा के आगामी संस्करण में छात्रों शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत करने वाले हैं। प्रधानमंत्री मोदी का यह कार्यक्रम 27 जनवरी 2023 को होगा। इसकी जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दी है। अपने इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री छात्रों को भविष्य के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्हें क्या बनना चाहिए इसमें भी वहां छात्रों को मार्गदर्शन देते हैं। अपने बयान में केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 27 जनवरी 2023 को परीक्षा पर चर्चा के आगामी संस्करण में छात्रों शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करने वाले हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार 2018 में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम किया था। इसमें उन्होंने छात्रों शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद किया था। प्रधानमंत्री मोदी हर साल परीक्षा पर चर्चा करते हैं। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी अपने इस कार्यक्रम में 9वीं 10वीं 11वीं और 12वीं क्लास के छात्रों से संवाद करने वाले हैं।

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

### 45 सीएम राइज विद्यालयों के लिये 1807 करोड़ 57 लाख रुपए की स्वीकृति

### चिकित्सा महाविद्यालयों में 433 नवीन पीजी सीट की वृद्धि

**भोपाल, माधव एक्सप्रेस।**
**राहुल मिश्रा बैचेन**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक में 45 सीएम राइज विद्यालयों के लिये 1807 करोड़ 57 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। प्रदेश में सी. एम. राइज योजना के प्रथम चरण में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 275 स्कूल विकसित किये जा रहे हैं। इनमें से 45 स्कूलों के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कर परियोजना परीक्षण समिति के समक्ष 7 दिसम्बर 2022 को प्रस्तुत किये गये। विभागीय प्रस्ताव के अनुक्रम में परियोजना परीक्षण समिति की अनुशंसा पर 45 सर्वसुविधायुक्त स्कूलों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में कुल 9 हजार 200 सी.एम.राइज स्कूलों का निर्माण किया जाना है। इसकी मंत्रि-परिषद से सैद्धांतिक स्वीकृति जुलाई, 2021 में जारी की जा चुकी है। इसमें से प्रथम चरण में 370 स्कूलों का निर्माण हो रहा है, जिनमें 275 स्कूल शिक्षा विभाग में तथा शेष 95 स्कूल जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत निर्मित हो रहे हैं। पूर्व में मंत्रि परिषद द्वारा 2 हजार 660 करोड़ रूपए की लागत के 73 स्कूलों को स्वीकृति दी जा चुकी है।



### आकांक्षा योजना के नये स्वरूप की स्वीकृति एवं निरंतरता को मंजूरी

मंत्रि-परिषद ने जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग प्रतिष्ठित संस्थाओं से संभाग स्तर पर दिये जाने के लिए योजना का अनुमोदन एवं ऑफलाईन कोचिंग को प्रतिवर्ष और ऑनलाईन कोचिंग पायलेट प्रोजेक्ट में आगामी 4 वर्षों के संचालन के लिए वित्तीय भार 30 करोड़ 54 लाख 71 हजार रुपए का अनुमोदन किया। इस योजना में आफलाईन कोचिंग के लिए वर्ष 2022-23 से 2023-24 तक (2 वर्षीय पाठयक्रम अनुसार) 1600 विद्यार्थियों को ऑफलाईन कोचिंग से लाभान्वित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार कक्षा 9वीं से 12वीं तक की ऑनलाईन कोचिंग के लिए 10 विशिष्ट विद्यालयों के 25 विद्यार्थियों के मान से 4 वर्षों में कुल 250 विद्यार्थियों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है। पंचायत प्रतिनिधियों के निर्वाचन में आम सहमति और निर्विरोध निर्वाचन के प्रोत्साहन के लिये पुरस्कार राशि में वृद्धि मंत्रि-परिषद ने पंचायत प्रतिनिधियों के निर्वाचन में आम सहमति और निर्विरोध निर्वाचन को प्रोत्साहित करने की योजना में अभी तक ऐसी ग्राम पंचायत जिनके सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए को 1 लाख रुपए, ऐसी ग्राम पंचायत जिनके सरपंच एवं सभी पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए को 5 लाख रुपए तथा ऐसी ग्राम पंचायतें जिनके सरपंच एवं सभी पंच महिला हैं को 10 लाख रुपए प्रदाय किये जाते थे। योजना को पुनरीक्षित करते हुए अब नई श्रेणियाँ एवं पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। ऐसी ग्राम पंचायत जिसके सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं, उन्हें 5 लाख रुपए। सरपंच पद के लिए वर्तमान निर्वाचन एवं पिछला निर्वाचन निरंतर निर्विरोध रूप से होने पर 7 लाख रुपए। ऐसी ग्राम पंचायत जिसके सरपंच एवं सभी पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए, उन्हें 7 लाख रुपए। ऐसी ग्राम पंचायत जिसके सरपंच तथा सभी पंच महिला निर्वाचित हुए हैं 12 लाख रुपए, पंचायत में सरपंच एवं पंच के सभी पदों पर महिलाओं का निर्वाचन निर्विरोध होने पर 15 लाख रुपए दिये जाने का निर्णय लिया गया। इन पुरस्कार को प्रदान करने के लिये 55 करोड़ 60 लाख रुपए का प्रावधान वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में किया गया है।

### 438 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

मंत्रि-परिषद ने चिकित्सा महाविद्यालय इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर तथा रीवा में 433 नई पी.जी. सीट वृद्धि का निर्णय लिया। चिकित्सा महाविद्यालय इन्दौर के लिए 192 करोड़ 24 लाख रुपए, चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर के लिए 62 करोड़ 82 लाख रुपए, चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर के लिए राशि 100 करोड़ 66 लाख रुपए तथा चिकित्सा महाविद्यालय रीवा के लिए 82 करोड़ 68 लाख रुपए, इस प्रकार कुल राशि 438 करोड़ 40 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर तथा रीवा के विभिन्न विभागों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए पी.जी सीट्स की वृद्धि होने से प्रदेश को प्रत्येक वर्ष अतिरिक्त संख्या में विषय-विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध हो सकेंगे।

### 23 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों के सरपंचो के मानदेय में वृद्धि

मुख्यमंत्री द्वारा 7 दिसम्बर 2022 को सरपंचों के राज्य-स्तरीय उन्मुखीकरण, प्रशिक्षण-सह-सम्मेलन में घोषणा की गई थी कि सरपंचों का मानदेय 1,750 से बढ़ा कर 4,250 रुपए प्रतिमाह किया जाएगा।

## आधार पर एड्रेस बदलवाना आसान हुआ

### सिर्फ परिवार के मुखिया को मोबाइल पर ओके करना होगा


**नई दिल्ली।** आधार कार्ड पर एड्रेस में बदलाव करना अब बेहद आसान हो गया है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इसके लिए नया नियम बनाया है, जिससे आप परिवार के मुखिया के एड्रेस प्रूफ और उनकी सहमति से आधार कार्ड में अपना एड्रेस ऑनलाइन अपडेट कर सकते हैं। इस प्रोसेस में 50 रुपए फीस लगेगी। पहले आधार कार्ड पर एड्रेस में बदलाव करने के लिए शख्स को व्यक्तिगत एड्रेस प्रूफ की जरूरत होती थी। वक्ऊअक ने मंगलवार को ऑफिशियल बयान जारी कर इस बारे में जानकारी दी है। अगर आप आधार कार्ड में एड्रेस अपडेट करना चाहते हैं तो आप परिवार के मुखिया का राशन कार्ड, मार्कशीट, शादी का कार्ड, पासपोर्ट जैसे डॉक्यूमेंट दिखा सकते हैं। शर्त यह है कि सब्मिट किए गए डॉक्यूमेंट में परिवार के मुखिया के साथ आवेदनकर्ता का रिश्ता पता चलता हो। अगर डॉक्यूमेंट में दोनों के बीच रिश्ता साफ नहीं हो रहा है तो मुखिया सेल्फ डिक्लेरेशन सब्मिट कर सकता है।



नई दिल्ली में मंगलवार को दूसरे चरण की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली से गाजियाबाद की यात्रा की शुरूआत की। प्रियंका गांधी और फारूक अब्दुल्ला और कांग्रेस नेता दूसरे चरण की भारत जोड़ो यात्रा में जुड़े।

## नए साल का जश्न मनाने के बाद होटल पहुंची लड़की से रेप

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के होटल में नए साल का जश्न मनाने अपने दोस्तों के साथ आई एक लड़की के साथ होटलकर्मी ने रेप किया। लड़की के दोस्त दूसरे कमरे में पार्टी मना रहे थे। लड़की पार्टी के बाद अपने कमरे में सोने आ गई थी। लड़की की शिकायत पर पुलिस ने रेप का मामला दर्ज कर आरोपी होटलकर्मी को गिरफ्तार कर लिया है। 29 वर्षीय लड़की अपने 5 दोस्तों के साथ न्यू ईयर मनाने के बाद 1 जनवरी की सुबह गाजियाबाद के लिंक रोड थाना क्षेत्र स्थित एलिगेंट होटल पहुंची। यहां उन्होंने 3 रूम बुक किए। कमरा नंबर 113 में पार्टी करने के बाद लड़की सोने के लिए चली गई। जबकि उसके बाकी दोस्त कमरा



नंबर 112 में ड्रिंक पार्टी करने लगे। पुलिस को दिए बयान में लड़की ने बताया कि अधिक शराब पीने की वजह वहां ज्यादा नशे में थी। इसकारण अपने कमरे में आकर सो गई। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान मुझे महसूस हुआ कि स्वेट शर्ट पहने कोई लड़का उसके बगल में आकर लेटकर गंदा काम कर रहा है। लड़की के उठने पर आरोपी फरार हो गया। पीड़िता ने जब अपने रूम की लाइट जलाई तब कपड़े अस्त-व्यस्त थे चादर पर खून के निशान थे। सुबह करीब साढ़े 4 बजे लड़की ने दोस्तों को कॉल कर अपने रूम में बुलाया और सारी घटना जानकारी दी। इसके बाद वे सभी रिसेप्शन पर पहुंचे। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दिखाने के लिए कहा तब कैमरा खराब बता दिया गया। इसके बाद लड़की के दोस्तों ने कॉल कर पुलिस बुलाई। पुलिस ने होटल के सभी कर्मचारियों को इकट्ठा कर एक लाइन में खड़ा किया और फिर पीड़िता से उसकी शिनाख्त परेड कराई।

## कोहरे और गलन से कांपा यूपी नए रिकॉर्ड बनाएगी ठंड



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश नए साल में कोहरे और हाड़ कंपाती ठण्ड की चपेट आ गया है। तीखी गलन और बफीर्ली हवाओं के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सूबे में पारा लगातार गिर रहा है। इस बीच मौसम विज्ञानियों का कहना है कि ठण्ड भले ही अधिक दिनों तक न पड़े लेकिन बावजूद इसके वह कई पुराने रिकार्ड तोड़ सकती है। इस बीच सोमवार रात से मंगलवार की सुबह तक प्रदेश में पारा 3.6 डिग्री तक जा पहुंचा। मौसम विभाग ने जनवरी के तीसरे हफ्ते में बूंदाबांदी के भी आसार जताए हैं। मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार से दो दिन और कोल्ड डे कंडीशन सक्रिय रहेगी। दिन में ठंड रहेगी। इसके बाद पांच से सात जनवरी तक सूखी ठंड रहेगी जो चुभने वाली हो सकती है। वहीं आठ से 12 जनवरी के बीच न्यूनतम पारे के गिरकर तीन से चार डिग्री तक आने के आसार हैं। 20 से 22 जनवरी के आसपास बादल छाए रहने के आसार हैं। बूंदाबांदी भी हो सकती है। इसके बाद तापमान फिर सामान्य की ओर बढ़ेगा। माना जा रहा है कि तापमान तीन डिग्री तक आया तो साल 2014 का रिकॉर्ड टूटेगा। उस साल आठ जनवरी को पारा इतना ही रहा था।

## 2023 सितंबर-अक्टूबर में हो सकते हैं जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35ए को हटाने के बाद इस केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। 2019 में केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू कश्मीर में पहले विधानसभा चुनाव का इंतजार जारी है। सूत्रों का दावा है कि इस साल जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। इस लेकर केंद्र की ओर से मंथन भी शुरू किया जा चुका है। केंद्र सरकार स्थानीय नेताओं और राज्य प्रशासन से चुनाव को लेकर फीडबैक भी ले रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रशासनिक स्तर के अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठक की है। शाह ने अधिकारियों से इस बात को लेकर भी फीडबैक मांगा है कि चुनाव कितनी जल्दी कराई जा सकती है। बताया जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव सितंबर और अक्टूबर के बीच में हो सकते है।

## ब्रीफ न्यूज़

### जेड आर यू सी सी मेंबर ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण



**गुना, माधव एक्सप्रेस/अभिनय मोरे।** जैड आर यू सी सी मेम्बर सुनील आचार्य ने सागर स्टेशन पर आकर स्टेशन का भ्रमण किया स्टेशन पर आकर साफ सफाई को देखा रेल यात्रियो को बनने बाले भोजनालय की साफ सफाई का भी निरीक्षण किया गंदगी देख जैड आर यू सी सी मेम्बर सुनील आचार्य ने सफाई करने के लिए बताया वहीस्टेशनो की कैंटीनो का भी निरीक्षण किया रेल यात्रियो को सामान विक्रय पर बिल देने के लिए कहा है वही उन्होने बिल और बजन की मशीनो को देखा जो कैंटीनो पर नही पायी गयी दोनो मशीनो को कैंटीनो पर रखने के लिए कहा और बिल देने के लिए कहां जैड आर यू सी सी मेम्बर सुनील आचार्य ने स्टेशन डी साई महोदय को बताया बैंडर अटैडेंस रजिस्टर बनवाये वही रेल यात्रियो ने कहा लिफ्ट बंद रहती है जिस कारण लोग परेशान होते है अंटेडर न होने से लिफ्ट में क ई वार यात्री फस चुके है संबंधित अधिकारी से जब बात की तो बताया कि कोरान के बाद लिफ्ट अटेंडर को बंद कर दिया गया था जो अभी तक बंद है रेल यात्रियो ने कहां कि अंटेंडर को रखकर लिफ्ट को चालू किया जाये जिससे यात्रियो को सुविधा मिले वही रेल यात्री श्री कैलाश सोनी जी ने सागर से नागपुर गाडी की मांग रखी उन्होने कहां यहां से पढाई चिकित्सा व रोजगार व्यापार हेतू सागर से नागपुर जाना होता है परन्तु सागर से नागपुर के लिए कोई गाडी न होने से उक्त क्षेत्र के यात्रियो को बीना य कटनी जाना पडती है इस लिए सागर से नागपुर के लिए कोई गाडी चलाई जाये वही क्रष्ण कुमार जी ने गोंढबाला को मकरोनी खडी होने की बात कही उन्होने कहा मकरोनी स्टेशन से प्रत्येक दिन सैकडो लोगो का दिल्ली मथुरा आना जाना होता है कोई गाडी न होने से परेशानी होती है इस लिए गोंढबाला 22181 का स्टापेज मकरोनी हो जैड आर यू सी सी मेम्बर सुनील आचार्य ने ने रेल यात्रियो के लिए कहा कि रेलवे कैंटीनो से सामान पर खुदरा मूल्य के अनुसार ही बस्तुओ का क्रय करे जैसे हर पानी की बाटल पर 15 रुपए लिखा होता है तो पानी की बाटल को 15 रुपए देकर ही क्रय करे इसी प्रकार अन्य बस्तुओ को देखकर क्रय करे और बस्तुओ को क्रय करने के बाद बिल अवश्य ले जैड आर यू सी सी मेम्बर सुनील आचार्य ने कहां कि सागर के रेल यात्रियो की परेशानियो को जैड आर यू सी सी मेम्बरो की बैठक में रखूंगा महा रेलप्रबन्धक के समक्ष।

### नगरपालिका परिषद गुना की लापरवाही

**गुना, माधव एक्सप्रेस/अभिनय मोरे।** मंडी समिति गुना की बैठक दिनांक 31/12/22 के प्रस्ताव क्रंमाक149 एवं कृषि सँयुक्त संचालक राज्य कृषि विपरण बोर्ड ग्वालियर के पत्र दिनांक17/12/22 के निर्णआनुसार हम्माल प्रकाश कुशवाह, संजीव कुशवाह एवं भानु कुशवाह की अनुज्ञप्ति निरस्त की गई हैं ।जिसकी सूचना कार्यालय मंडी कमेटी गुना के व्दारा दिनांक16/12/22 को तुलावटी/हम्माल कार्ड निरस्ती के लिए दी गई थी लेकिन आज दिनांक तक ् नगरपालिका गुना व खाद्य विभाग गुना व्दारा हम्माल कार्ड निरस्त न करने से गरीबी रेखा का लाभ लिया जा रहा हैं।

### आंगनबाड़ी की भोजन व्यवस्था हुई फेल

**मुंगावली, माधव एक्सप्रेस/अभिनय मोरे।** विगत 5 माह से मध्यान भोजन का समूह को नहीं हुआ भुगतान ईसागढ़ नगर की सत्ता आंगनवाड़ी केंद्रों को नगर के समूह द्वारा ईश्वर परियोजना को आंगनबाड़ियों को नाश्ता भोजन प्रदान किया जाता है विगत 5 वर्षों से उनके बिलों का भुगतान न होने के कारण उनके समूह में नाश्ता भोजन बनाने वाले रसोइयों को भी वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है इससे उनके परिवार वालों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है इसी प्रकार समूह को समय पर भुगतान न होने के कारण बाजार से लिए गए खाद्य सामग्री तेल रूट नमक मिर्ची रुचि और आटा पिसाई सब्जी का भुगतान ना होने के कारण बाजार से उधार मिलना बंद हो रहा है इस कारण समूह वाले आंगनवाड़ी केंद्रों को नाश्ता पानी ना देने पर विचार कर रहा है आंगनवाड़ी परियोजना में समय पर भुगतान ना होने का मुख्य कारण अपर परियोजना अधिकारी का ना होना है क्योंकि परियोजना का कार्यभार सुपरवाइजर का है इस कारण सुपरवाइजर ना तो परियोजना का कार्य किस प्रकार देख पा रही है और ना ही अपनी मुख्य पद सुपरवाइजर का कार्य की तरह कर पा रहे हैं क्योंकि कार्य का भार कितना है सारा समय बेड को एवं जानकारियां दें तथा ट्रेनिंग एवं अन्य कंप्यूटर संबंधी सहारा समय व्यतीत हो जाता है कुरुक्षेत्र की कार्यकर्ता एवं समूह की महिलाओं को काफी परेशानियां हो रही है उनकी सुनवाई भी ठीक तरह से नहीं हो पा रही है अतः वरिष्ठ अधिकारियों से समूह की महिलाएं कार्यकर्ता अनुरोध करती है कि यहां पर अन्य किसी सुपरवाइजर को या कोई परियोजना अधिकारी को यहां का कार्यभार देने की मांग की है।

### श्रीमद् भागवत कथा हुई संपन्न, श्रद्धालुओं ने किया कथा श्रवण




**अशोकनगर, माधव एक्सप्रेस।** वार्ड नंबर 1 ब्राह्म गौड बाबा के दरबार में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस कथा में बामन भगवान का अवतार हुआ। व्यास जी ने बताया भगवान छोटे से 52 अंगुल का रूप धारण करके आए। और राजा राजा बलि से 3 पग भूमि दान में मांगी। कर-के राजा बलि पर कृपा की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सियांग में कहा कि आज सीमा सड़क संगठन द्वारा देश के सीमावर्ती इलाकों में निर्मित 28 मूलढ़ांचा परियोजनाएं को राष्ट्र को समर्पित करते हुए

# मुझे बड़ी खुशी और गौरव का अनुभव हो रहा है







**नई दिल्ली, माधव एक्सप्रेस**

**मनमीत सिंह।** होम देश मुझे बड़ी खुशी और गौरव का अनुभव हो रहा है, अरुणाचल बीआरओ की 28 परिय अरुणाचल में बीआरओ की 28 परियोजनाओं के उद्घाटन पर रक्षा मंत्री रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सियांग में कहा कि आज सीमा सड़क संगठन द्वारा देश के सीमावर्ती इलाकों में निर्मित 28 मूलढ़ांचा परियोजनाएं को राष्ट्र को समर्पित करते हुए मुझे बड़ी खुशी और गौरव का अनुभव हो रहा है अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर देश के रक्षा मंत्री देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज अरुणाचल प्रदेश का दौरे पर हैं. तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के एक महीने बाद उनका यह पहला दौरा है. इस दौरे पर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज मुझे अरुणाचल प्रदेश, लद्दाख और मिजोरम के रिमोट और दुर्गम जगहों पर स्थित मेडिकल इंस्पेक्शन रूम में तीन टेलीमेडिसिन नोड्स का उद्घाटन करते हुए बेहद खुशी हो रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सियांग में कहा कि आज सीमा सड़क संगठन द्वारा देश के सीमावर्ती इलाकों में निर्मित 28 मूलढ़ांचा परियोजनाएं को राष्ट्र को समर्पित करते हुए मुझे बड़ी खुशी और गौरव का अनुभव हो रहा है. साथ ही **बीआरओ @2047** विजन दस्तावेज जारी करना भी मेरे लिए खुशी की बात है. हाल में बीआरओ ने जिस भावना और गति के साथ विकास कार्यों को अंजाम दिया है वह सराहनीय है. अधिक से अधिक सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ने की योजना सरकार की प्राथमिकता में है, ताकि वहां रहने वाले लोगों के विकास के साथ-साथ, उनमें व्यवस्था के प्रति विश्वास की भावना विकसित हो सके. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी सेना, और देश की जनता के साथ मिलकर आगे बढ़ते देख रहा हूं, तो मैं कह सकता हूं कि तब मैंने बीआरओ को 'ब्रो' यानि गलत नहीं, बिलकुल सही पढ़ा था. बीआरओ, यानि हमारी सेनाओं का 'ब्रो', बीआरओ यानि हमारे देशवासियों का ब्रो बॉर्डर रोड ऑगेनाईजेशन' के नाम को, जब मैंने पहली बार शॉर्ट में लिखा देखा था, तो मैंने उसे ह्यब्रो' समझा था, जिसे आज-कल हमारी नई जेनरेशन यानि भाई के सेंस में इस्तेमाल करती है, फिर मुझे बताया गया कि यह 'ब्रो' नहीं, बीआरओ लिखा है. कुछ नई तकनीकों, और बीआरओ द्वारा इनोवेटिव विचारों पर जोर दिया गया है. इन न्यू टेक्नोलॉजी और टेकीक का उपयोग, बीआरओ को निर्माण की गति और गुणवत्ता बढ़ाने में सक्षम बनाएगा. सड़कों के बारे में किसी ने कहा है, कि 'यह मंजिल नहीं है, यह यात्रा है', आपसे भी मैं कहना चाहूंगा, कि सीमाई इलाकों में रोड इंफ्रास्ट्रकचर का निर्माण कार्य आप लोगों के लिए एक यात्रा की तरह ही है, और इसकी मंजिल एक सशक्त, समृद्ध और समर्थ भारत है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि बॉर्डर रोड ऑगेनाईजेशन, राष्ट्र निर्माण के अपने प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करेगा, और भविष्य में देश के बढ़ते कद में एक खास योगदान देगा. मैं हमारी आर्म्ड फोर्स, और को भी इन उपलब्धियों के लिए बधाई देता हूँ. आप सभी सदैव कुछ नया करते रहिए।

## कलेक्टर श्रीमती पटले ने की विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं में प्रगति की समीक्षा

**छिन्दवाड़ा, माधव एक्सप्रेस**

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आज कलेक्ट्रेट के मिनी संवाद कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर शासन के प्राथमिकता वाले कार्यों व योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से पेसा नियम 2022 व संबल योजना-2.0 के क्रियान्वयन, मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना व धारणाधिकार में प्रगति, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, विद्युत की सुचारू आपूर्ति, नहर के अंतिम छोर तक जल की उपलब्धता, अन्न उत्सव की तैयारियां आदि की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी जनपद पंचायतों के लिये जनवरी माह में कम से कम 75 प्रतिशत आवास अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया । साथ ही माह जनवरी में आवंटित लक्ष्य को पूरा कराने के लिए आगामी एक सप्ताह के अंदर शत-प्रतिशत व्दितीय किश्त जारी कराने और तृतीय किश्त प्राप्त आवासों की हितग्राहीवार मैपिंग कर आवासों मे सेंटरिंग लगाने का कार्य कराने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने खराब ट्रांसफॉर्मर्स के बदलने एवं सुधार कार्य की भी विद्युत संभागवार समीक्षा की और सभी जगह विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश दिये। उन्होंने पेसा नियम के अंतर्गत जिले की चारों अनुसूचित जनजाति बाहुल्य जनपद पंचायतों बिछुआ, हर्रई, जुन्नारदेव और तामिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्धारित अवधि में सभी कार्यवाहियां पूरी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सीईओ जनपद पंचायत और सीएमओ से संबल योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री हरेंद्र नारायण, एडीएम श्री ओ.पी.सनोडिया, उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र सिंह व सहायक आयुक्त नगरपालिक निगम श्री आर.एस.बाथम सहित संबंधित सभी विभागों के अधिकारी कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से, जबकि अन्य सभी एसडीएम एवं खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से उपस्थित थे।

## म.प्र.राज्य में पहली बार 5 जनवरी को मतदान केन्द्र पर होगा चुनाव पाठशाला का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, माधव एक्सप्रेस**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एक जनवरी 2023 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाना है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, म.प्र. भोपाल के निदेर्शानुसार मध्यप्रदेश राज्य में पहली बार सभी बीएलओ को पाबंद किया गया है कि वे आगामी 5 जनवरी को अपने मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर चुनाव पाठशाला का आयोजन कर अपने मतदान केन्द्र की सूची का वाचन करें। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ओ.पी.सनोडिया ने बताया कि वाचन के दौरान बीएलओ द्वारा नये नाम जोडे गये व्यक्तियों, निरसित व्यक्तियों और जिनके नाम संशोधित किये गये हैं, की जानकारी से सभी संबंधितों को अवगत कराया जायेगा । उन्होंने बताया कि जिले के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिये निर्देशित किया गया है।

## फर्जी रजिस्ट्री-एग्रीमेंट कर करोडों हड़पने वाले गिरोह का खुलासा

*मुख्य सरगना बंशी बंजारा की तलाश, मालवा-मेवाड़ के क्षेत्रों है गिरोह सक्रिय, हेल्पलाइन नंबर जारी*

**नीमच, माधव एक्सप्रेस/रामेश्वर नागदा।** फर्जी रजिस्ट्री से लेकर फर्जी एग्रीमेंट कर करोड़ों हड़पने वाले गिरोह का खुलासा नीमच सिटी थाना क्षेत्र टीआई करणीसिंह शक्तावत के नेतृत्व में पुलिस ने किया है। यह गिरोह बीते कुछ सालों से नीमच, मंदसौर, प्रतापगढ़, चित्तोडगढ़ सहित अन्य जिलों में सक्रिय है, जिनके सदस्य दूसरे व्यक्तियों के भूखंड व खेत सस्ते दामों में दिलाने का झांसा देकर ऑनलाइन दस्तावेज निकालकर फर्जी एग्रीमेंट, फर्जी रजिस्टी करवाकर करोडों रूपए वसूल कर गायब हो जाते है ।गिरोह का मुख्य सरगना हिस्ट्रीशीटर बदमाश (रासुका का आरोपी) बंशी पिता सददा बंजारा निवासी सावनकुंड मनासा के पास का है, जो पूरी गैंग बनाकर बीते कई वर्षों से इस तरह की धोखाधडी को अंजाम दे रहा था। नीमच सिटी थाने में प्रकरण दर्ज होने के बाद मुख्य सरगना बंशी बंजारा फरार है। वहीं एक सदस्य कालू उर्फ शैलेंद्र बैरागी पिता पप्पूदास बैरागी निवासी पिपलोन को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस गिरोह में मध्यप्रदेश के अलावा राजस्थान चित्तोडगढ़ जिले के भी कुछ आरोपी शामिल है, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। नीमच सिटी थाना मिली जानकारी के अनुसार फरियादी मुकेश जयप्रकाश निवासी नीमच के शिकायती आवेदन पर पुलिस ने कई धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने आज अपनी अनिश्चितकालिन हडताल के 20 वे दिन संविदा स्वास्थ्य न्याय यात्रा निकाल कर किया विरोध प्रदर्शन किया

**नीमच, माधव एक्सप्रेस**




**रामेश्वर नागदा।** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी/अधिकारीयो ने आज अपनी अनिश्चितकालिन हडताल का 20 वे दिन संविदा स्वास्थ्य न्याय यात्रा निकाल कर अपना विरोध प्रदर्शन किया । लगातार हडताल किये जाने के उपरान्त भी शासन द्वारा कोई सुनवाई एवं निर्णय नही किये जाने से आक्रोशित संविदा स्वास्थ्य कर्मियो ने शिवराज द्वारा बनाई गई 05 जून 2018 की नीति एनएचएम के कर्मचारी के उपर लागु नही होने के विरोध में आज सरकार से एनएचएम के संविदा कर्मियों के द्वारा न्याय मांगने हेतु रैली निकाल कर शासन के प्रति अपना रोष प्रकट किया । उक्त न्याय यात्रा धरना स्थल से प्रारंभ हुई जिसमें सेकडो की तादात में संविदा कमीयो ने भाग लिया ये वही संविदा कर्मि है जिन्होने कोविड काल में अपनी जान की परवाह नहीं करते हुए मरीजो की सेवा की इसी को ध्यान में रखते हुए रैली में कई संविदा कर्मि पीपीए किट पहन कर न्याय यात्रा में शामिल हुए जो फव्वारा चौक, टैगोर मार्ग, भारत माता चौराहा, जैन भवन रोड, गायत्री मंदीर रोड, शौरूम चौराहा होते हुए धरना स्थल पर पहुची, जिला अस्पताल ट्रामा सेन्टर के बाहर शासन को जागृत कर अपनी जायज मांगो को मनवाने हेतु बडे जोश से जमकर नारे बाजी की गई। संविदा कर्मियो ने चेतावनी दी की समय रहते अगर सरकार ने हमारी मांगे नही मानी तो उक्त आन्दोलन उग्र रूप ले लेगा।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवाओं के लिए नीमच में प्रेरक आयोजन

*प्रख्यात वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का विशेष व्याख्यान 12 जनवरी को नीमच शासकीय महाविद्यालय में- आयोजन की भव्य तैयारियां शुरू - बेहतर प्रबंधन के लिए बैठक में दी विभिन्न समितियों को जिम्मेदारी*

**नीमच, माधव एक्सप्रेस**



**रामेश्वर नागदा।** विश्व में भारतीय संस्कृति की पताका फहराने वाले युवा संत स्वामी विवेकानंद की 160वीं जयंती पर नीमच के स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में युवाओं पर केंद्रित विशेष आयोजन किया जा रहा है। 12 जनवरी को देश के प्रख्यात राष्ट्रवादी वक्ता, चिंतक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का युवाओं के मार्गदर्शन के लिए विशेष व्याख्यान होगा। इस आयोजन को लेकर जोरदार तैयारियां की जा रही है। नीमच स्थित अग्रणी महाविद्यालय के पूर्व छात्र संगठन के तत्वावधान में यह विशेष आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के सुव्यवस्थित प्रबंधन निमित्त पूर्व छात्र संगठन के बैनर तले एक बैठक का आयोजन पूर्व छात्र संघ व महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विश्वदेव शर्मा, पूर्व नपा अध्यक्ष राकेश जैन पप्पू, प्रभारी प्राचार्य पीडी ज्ञानानी, भारत विकास परिषद के वरिष्ठ सुनील सिंहल की अगुवाई में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न समाज, सामाजिक, छात्र एवं युवा संगठनों के प्रतिनिधियों ने मौजूदगी दर्ज कराई। बैठक के आरंभ में उपस्थित प्रतिनिधियों से सुझाव लिए गए। जिसमें सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विजय बाफना, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत हरित, अग्रवाल समाज के कमल अग्रवाल, कैलाश अहीर, पारस लसोड़, संतोष खंडेलवाल, संदीप लोढ़ा, अनिलसिंह परिहार, पार्षद किरण शर्मा, दारासिंह यादव, रामचंद्र धनगर , रूपेंद्र लोक्स, चीनू मेहता, छाया जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश जैन, सत्येंद्र सिंह राठौर, संतोष पंजाबी, दिनेश मुजावदिया, अभाविप के हर्षित सगरावत, सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

## विधायक श्री परिहार के हाथो ग्राम कास्बी में रिटर्निग वाल एवं आगनवाड़ी भवन निर्माण का भूमिपूजन सम्पन्न

**नीमच, माधव एक्सप्रेस/रामेश्वर नागदा।** नीमच में गांव गांव में श्रृंखलाबद्ध विकास कार्यों के लोकार्पण भूमिपूजन सतत चल रहे है इसी कड़ी में आज ग्राम पंचायत हरनावदा के ग्राम कास्बी में रिटर्निग वाल लागत 8 लाख 70 हजार एवं आगनवाड़ी भवन निर्माण लागत 9 लाख 50 हजार का भूमिपूजन विधायक दिलीप सिंह परिहार ने आगंतुक अतिथियों के साथ विधि विधान से पूजन कर किया ।इस अवसर पर श्री परिहार ने कहा कि,2003 में जब पहली बार आपने मुझे आशीर्वाद दिया था तब का मध्य प्रदेश बेहाल था हताश जनता,परेशान कर्मचारी थे बिना बिजली के तार हुआ करते थे उस पर करोड़ों अरबों रुपए का कर्जा मध्यप्रदेश पर कांग्रेस की सरकार और दिग्विजय सिंह छोड़ कर गए थे। जिसने खुद दुख नहीं देखे वह दूसरों के दुखो को नहीं समझ सकता है, कांग्रेस ने भाजपा द्वारा चलाई जा रही सभी जन हितेषी योजनाओं को बंद कर दिया था उन्होंने पुनः शुरू करने का काम किया है ।भाजपा जो कहती वो करती है । मेने हरनावदा को गोद लिया और 3 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्य केवल यहा की पंचायत में करवाये,हरनावदा में सौर उर्जा का प्लांट लगाया जाएगा, जिसके लिए मेने मंत्री हरदीप सिंह जी से चर्चा की है, गोमाता की रक्षा के लिए हमने यहां गोशाला बनवाई। आपके द्वारा बांध बनवाने की मांग लंबे समय से की जा रही है, जिसे में पूरा करने का काम करूंगा, इसी के साथ रबड़िया से ग्वाल देवियां एवं कराड़िया से केरी आंबा सड़क का प्रस्ताव भेजा है। प्रधानमंत्री जी से हमे सीखना चाहिए कि उनकी ममता मई मां को दाग देने के बाद वे कर्तव्य पथ पर चलते रहे हम धन्य है।

# ब्रीफ न्यूज़

## 31 जनवरी तक आयोजित करें नगर गौरव दिवस

**भोपाल, माधव एक्सप्रेस।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 31 जनवरी 2023 तक सभी नगरीय निकायों में गौरव दिवस का आयोजन अनिवार्य रूप से कर लें। श्री सिंह ने कहा है कि शासन की मंशानुरूप नगरीय निकायों में गौरव दिवस का आयोजन करें तथा इसमें नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करें। गौरतलब है कि अभी तक 288 नगरीय निकायों में गौरव दिवस आयोजित हो चुका है। शेष 125 नगरीय निकायों में 31 जनवरी तक गौरव दिवस आयोजित होना है।

## भाजपा जिला भोपाल ग्रामीण की कामकाजी जिला बैठक सम्पन्न



**भोपाल, माधव एक्सप्रेस।** भाजपा जिला भोपाल ग्रामीण की कामकाजी जिला बैठक आदर्श मैरिज गार्डन दुपाडिया बैरसिया रोड पर आयोजित की गई बैठक में जिला प्रभारी श्री अलकेश आर्य ,जिला अध्यक्ष भाजपा श्री केदार सिंह मंडलोई,विधायक श्री विष्णु खत्री का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष श्री गोपाल सिंह मीणा,जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मोर्चो के जिला अध्यक्ष, मोर्चो के प्रभारी उपस्थित रहे जिला का कार्यवृत जिला मंत्री एवं कार्यालय प्रभारी श्री तीरथ सिंह मीणा ने रखा,मोर्चो के जिला अध्यक्ष द्वारा मोर्चो का कार्यवृत रखा गया बैठक में मडलो की बैठकों की तारीख तय की गई।

## भाजपा प्रदेश प्रभारी राव हरदा मे विजेताओं को बाटेंगे पुरस्कार

**भोपाल, माधव एक्सप्रेस।** कमल युवा खेल महोत्सव के संयोजक एवं जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष संदीप पटेल ने जारी प्रेस बयान में बताया कि बुधवार को नेहरू स्टेडियम पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव एवं कृषि मंत्री कमल पटेल विजेताओं को पुरस्कार बाटेंगे। उन्होंने बताया कि 2 दिन हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में विजेता टीमों और खिलाड़ियों को स्वर्ण, चांदी और कांस्य मेडल प्रदान किए जाएंगे इसी दिन स्टेडियम पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता जिसमें 60, 100, 200 ,400 , 800, 1500 मीटर और रिले 1004 दौड़ के अलावा लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, चकती फेक की प्रतियोगिताएं शामिल है। महोत्सव के संयोजक संदीप पटेल ने बताया कि बुधवार को नेहरू स्टेडियम पर खेल मार्च निकाला जाएगा। जिसमें जिले भर के खिलाड़ी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि हरदा, टिमरनी, खिरकिया में विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों को भी खेल मार्च में आमंत्रित किया गया है।

## जैन सोशल ग्रुप मेट्रो का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न संजीव जैन बने अध्यक्ष



**भोपाल, माधव एक्सप्रेस।** शिक्षा पर्यावरण चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा भाव से कार्य कर रहे हैं जैन सोशल ग्रुप भोपाल मेट्रो का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ कलियासोत डैम स्थित जल एवं भूमि संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेंबर आफ कॉमर्स के अध्यक्ष तेज कुल पाल सिंह मंडी अध्यक्ष हरीश ज्ञान चंददानी सोशल ग्रुप के रीजन अध्यक्ष अभिषेक सेठिया समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद हिमांशु ग्रूप के राष्ट्रीय पदाधिकारि अमर जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ मेट्रो ग्रुप के नवनिर्वाचित संचालक मंडल के अध्यक्ष संजीव जैन अध्यक्ष, आनंद डोसी को उपाध्यक्ष, राजीव जैन को सचिव, श्री अभिषेक जैन एवं अभय बोथरा को सह सचिव, प्रफुल्ल जैन को कोषाध्यक्ष एवं हेमेंद्र स्वप्निल कोठारी, अमित जैन, अभिषेक तारण, अंकुर बजाज, अरुण जैन और श्रीमती ज्योति जैन को कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे कार्या करने की शपथ ली ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष शरद सेठी ने संचालन किया निवर्तमान अध्यक्ष अजयराज जैन ने विगत अपनी अध्यक्षता के दो कार्यकालों के अनुभव शेयर किए नव नियुक्त अध्यक्ष संजीव जैन ने अध्यक्ष के रूप में अपने उज्ज्वल कार्यकाल की प्रत्याशा में उत्कृष्ट कार्य करने की भावना भाई। उल्लेखनीय है कि भोपाल मेट्रो ग्रुप की गतिविधियों के कारण अनवरत नवसदस्यता की श्रृंखला में आज भी 21 नवदम्पति सदस्यों ने इस ग्रुप की सदस्यता ली। मेट्रो ग्रुप में राज धानी के विभिन्न क्षेत्रों के दंपति सेवा भावना के साथ संगठित होकर कार्य कर रहे है।

# आवासहीनों को भूमि का मालिक बनायेगी प्रदेश सरकार: मंत्री राजपूत

**टीकमगढ़ से आज होगा मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना का शुभारंभ**

## 10 हजार से ज्यादा लोगों को आज वितरित किया जाएगा भूमिस्वामी अधिकार पत्र

**भोपाल, माधव एक्सप्रेस।** प्रदेश की जनता के सर्वांगीण विकास में जुटी राज्य की शिवराज सिंह चौहान सरकार नये साल में आवासहीनों हो एक बड़ा तोहफा देने जा रही है। जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 4 जनवरी को टीकमगढ़ से करेंगे। इस योजना के तहत 2023 तक सभी आवासहीनों को उनके खुद के घर का सपना सरकार साकार करेगी। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ऐसे लोगों को भी भू-खण्ड उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है जिनके पास खुद का आवास नहीं है। ऐसे आवासहीनों को मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के तहत भू-खण्ड का पट्टा प्रदान किया जायेगा । राजस्व मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा पूरे मध्यप्रदेश में आज की स्थिति में 87 हजार 603 भूमिस्वामी अधिकार पत्र तैयार कर लिए गए हैं। जबकि पूरे प्रदेश में 1 लाख 28 हजार 160 पात्र परिवार चिन्हित किये गए हैं। श्री राजपूत ने बताया कि टीकमगढ़ जिले में 10 हजार 878 भूमिस्वामी अधिकार पत्र तैयार किये गए हैं जबकि कुल 11 हजार 137 पात्र परिवार चिन्हित किये गए हैं। श्री राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि जब वह टीकमगढ़ गये थे तो वहां पर लोगों ने जानकारी दी थी कि रहने के लिए आवास नहीं है, तब मुख्यमंत्री जी ने तय किया था कि प्रदेश में जिनके पास रहने के लिए आवासीय भू-खण्ड नहीं है, उन जरूरतमंदो को भू-खण्ड उपलब्ध कराने का कार्य प्रदेश की सरकार करेगी । श्री राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के तहत प्रदेश में अब कोई बिना आवास के नहीं रहेगा।

### यह होंगे इस योजना के पात्र

राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि इस योजना के तहत वह आवेदक परिवार पात्र होंगे जिनके पास रहने के लिए स्वतंत्र रूप से आवास नहीं है । साथ ही आवेदक परिवार के पास 5 एकड़ से कम भूमि होनी चाहिए । इसके अलावा आवेदक परिवार के पास सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिये पात्रता पर्ची होनी चाहिए । इसके अतिरिक्त परिवार का कोई भी सदस्य आयकरदाता न हो एवं न ही कोई सदस्य शासकीय सेवा में होना चाहिए । इसके साथ ही आवेदक का नाम उस ग्राम में जहां वह आवासीय भू-खण्ड चाहता है, वहां 1 जनवरी, 2021 तक की मतदाता सूची में दर्ज हो।

### सारा पोर्टल के तहत लिए गए थे आवेदन

राजस्व मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि इस योजना में पात्र आवेदकों के लिए आवासीय पट्टा वितरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन माध्यम से की गई है । जिसमें सारा पोर्टल के माध्यम से 30 सितम्बर 2022 तक राजस्व विभाग के द्वारा प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए पूरे प्रदेश में कुल 1 लाख 28 हजार 160 पात्र परिवार चिन्हित किये गए हैं ।जिनकों आवासीय भू-खण्ड प्रदान करने की शुरूआत आज मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही है।

## ग्रापं खामखेड़ा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पहुंचे जनसुनवाई में



**भोपाल, माधव एक्सप्रेस।** फंदा ब्लॉक की ग्राम पंचायत खामखेड़ा में मंगलवार के दिन होने वाली ग्राम पंचायत खामखेड़ा की जनसुनवाई मैं भोपाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने पहुंचकर लोगों की जन समस्याएं सुनी। मध्य प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी की मंशा अनुसार जिला ब्लाक एवं पंचायत स्तर पर लोगों की समस्या सुनने के लिए हर मंगलवार को समय 11:00 से 1:00 तक लोगों की जन समस्याएं सुनने के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है आज बेरसिया रोड के ग्राम पंचायतों में भोपाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने जनसुनवाई में भाग लिया और लोगों की समस्याएं सुनी। ग्राम पंचायत खामखेड़ा में पटवारी अविनाश तिवारी और जीआरएस हनी जैन बैठक में अनुपस्थित रहे जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कही कि यह लोग कभी जनसुनवाई में आते ही नहीं है। भोपाल जिला पंचायत शिक्षा समिति के अध्यक्ष जिला पंचायत भोपाल के उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने हाईस्कूल का आकस्मिक निरीक्षण कर स्कूल की समस्याएं सुनी। हाई स्कूल खामखेड़ा के प्राचार्य आरके जैन ने स्कूल के सभी स्टाफ से उपाध्याय जी का परिचय कराते हुए स्कूल भवन की मरम्मत एवं पियून की व्यवस्था कराने की मांग की। उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने प्राचार्य जी से कहा कि डियो भोपाल से बात कर आपकी समस्या का हल किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद सदस्य रेखा गोयल के प्रतिनिधि हिम्मत सिंह गोयल, सरपंच कृष्णा विक्रम यादव, पंचायत सचिव निर्भय सिंह लोधी एवं पंच गण ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से केंद्र सरकार ने देवतालाब-पथरहा सड़क निर्माण को दी मंजूरी

**22 किमी मार्ग बनने से परिवहन सुविधाओं में होगा विस्तार**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम के प्रयासों से भारत सरकार के केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग ने सेन्ट्रल-रोड़ एवं इनफ्रास्ट्रक्रर योजना अंतर्गत रीवा जिले की देवतालाब विधान सभा की देवतालाब से पथरहा व्हाया ढनगन-हटवा-सोहेरान झ्र अमोच झ्र पहाडी - निरपत सिंह मार्ग की स्वीकृत प्रदान की है। इस मार्ग की मंजूरी पर विधानसभा अध्?यक्ष श्री गौतम ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गड़करी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है। देवतालाब से पथरहा व्हाया ढनगन-हटवा-सोहेरान अमोच झ्र पहाडी - निरपत सिंह मार्ग की कुल लंबाई 22 कि.मी है और यह 7.5 मीटर सीमेंट कांक्रीट का बनाया जायेगा। मार्ग हेतु 49.72 करोड़ की राशि स्वीकृति की गई है श्री गौतम ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गड़करी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से उन्होंने आग्रह किया था।

## देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया उनका पुण्यस्मरण

**भोपाल, माधव एक्सप्रेस।** देश की पहली महिला शिक्षिका समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रकाश जैन ने कहा कि आजादी के बाद समाज में जागृति लाने की भावना को दृष्टिगत रख समाज सुधारक सावित्री बाई फुले देश की पहली महिला शिक्षिका थीं, जिन्होंने समाज सुधार का कार्य किया, महिलाओं के प्रति शिक्षित होने की भावना जागृत की, समाज में महिलाओं की शिक्षा पर जोर दिया



और इसके लिए उन्होंने कई कार्य किए। महिला शिक्षा के अलावा अनमोल, प्रेरणादायक और क्रांतिकारी विचारों से ओतप्रोत सावित्रीबाई फुले ने प्लेग जैसी महामारी को लेकर भी कई परोपकारी कार्यों में अपना योगदान दिया। उन्होंने 18 साल की उम्र में बालिकाओं को पढ़ाना शुरू कर दिया था, वह शिक्षिका के साथ ही समाज सुधारक भी थीं और व्यक्तिगत तौर पर वे कवियत्री भी थी। श्री जैन ने बताया कि सावित्रीबाई फुले ने अपने पति के सहयोग से 1848 में पुणे में बालिकाओं के लिए पहला बालिका विद्यालय खोला, जो कि स्त्री शिक्षा की क्रांति के लिए पहला स्तंभ बना, इसके बाद उन्होंने बालिकाओं के अलावा महिलाओं की शिक्षा के लिए 1849 में प्रौढ़ शिक्षा केंद्र की भी स्थापना की। इस अवसर पर मप्र महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल, श्रीमती आभा सिंह, महामंत्री जे.पी. धनोपिया, डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान, संजय मसानी, मीडिया विभाग उपाध्यक्ष सुश्री संगीता शर्मा, राजलक्ष्मी नायक, मिर्जा नूर बेग, मुईनउद्दीन सिद्धीकी, कुसुम राणा, फरहाना खान, महक राणा, गीता जाटव, सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता एवं कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने कार्यक्रम का संचालन किया।

**जनता को कोई असुविधा न हो, समय-सीमा में मिले जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ**

## टीम मध्यप्रदेश जनता का भाग्य और भविष्य बदलने के लिए तेजी से जुट जाए: मुख्यमंत्री

### हर विभाग का रिपोर्ट कार्ड बनेगा, जो टारगेट तय किए थे, उसकी जानकारी ली जाएगी

**भोपाल, माधव एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नव वर्ष में निर्धारित रोडमेप के साथ राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन तभी सार्थक होगा, जब हम अपनी शत-प्रतिशत क्षमता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हर क्षेत्र में हमारी उपलब्धियाँ हैं, इन उपलब्धियों के लिए टीम मध्यप्रदेश को बधाई देता हूँ। हम अपनी




उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत और प्रचारित करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज निवास पर समत्व भवन के संवाद कक्ष में नव वर्ष पर मंत्रीगण, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष, एचओडी, सभी संभागायुक्त, कलेक्टर्स, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस आयुक्त एवं जिला पुलिस अधीक्षक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बिजली के मामले में सरप्लस स्टेट बनने जैसी हमारी अनेक उपलब्धियाँ हैं। साल भर में हमने जो उपलब्धियाँ हासिल की हैं उसे जनता के सामने रखें। लघु फिल्मों, सोशल मीडिया, प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया आदि के माध्यम से हर विभाग की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार हो। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आत्म-निर्भर भारत की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके लिए हमारा योगदान बेहतर होना चाहिए। हमें हर क्षण का उपयोग करना है। समय को व्यर्थ नहीं जाने देना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विजन और मिशन के साथ कार्य करें। ऐसे काम हो जो प्रदेश की जनता की जिंदगी बदल दें। संबंधित विभाग जी- जान से कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सबकी महत्वपूर्ण भूमिका रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करें, जिससे अधिकतम लोग निवेश करें। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए प्रदेश में खेलमय वातावरण बने। जी-20 के माध्यम से प्रदेश की बेहतर ब्रांडिंग हो। जीरो डिफेक्ट-मेक्जिमम इफेक्ट वाले आयोजन होने चाहिए। विभाग के मंत्री और प्रशासनिक अधिकारी इस पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि एक फरवरी से 15 फरवरी तक प्रदेश में विकास यात्रा निकाली जाएगी। गाँव-गाँव जाकर उपलब्धियों का प्रचार होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल सरकारी कर्मकांड बन कर नहीं रहेगा, इसमें जनता शामिल हो। मैं स्वयं जबलपुर में रहूँगा। गणतंत्र दिवस को अद्भुत और उत्सवी माहौल में मनाया जाए। इसके लिए विभिन्न कार्यों की प्राथमिकता तय कर काम करें। संत रविदास की जयंती पर सामाजिक समरसता के साथ कार्यक्रम हों। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सी.एम. जन-सेवा अभियान के अद्भुत आयोजनों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि जन-सेवा अभियान का एक और दौर अप्रैल में चलेगा। हवाई जहाज से मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन यात्रा होगी। कूनो में चीता प्रोजेक्ट बनेगा। बैगा, भारिया, सहरिया जाति के अलावा कोल वर्ग की महापंचायत भी होगी।

## जैन धर्म की भावनाओं का सम्मान करे सरकार: पारस सकलेचा

**भोपाल, माधव एक्सप्रेस।** सम्मेद शिखरजी तीर्थ को पर्यटक स्थल बनाने से , सनातन धार्मिक परंपरा के साथ , स्वतंत्रता पूर्वक , भयमुक्त होकर धर्म अराधना करने में भी व्यवधान होगा । केन्द्र सरकार संविधान के विपरीत यह कार्य कर देशी विदेशी बडे घरानो के हाथों में खेल रही है । उक्त आशय का आरोप जैन युवा मंच के संरक्षक तथा पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने लगाया है।समाजसेवी श्री सकलेचा ने जारी विज्ञप्ति मे कहा कि तीर्थ को पर्यटन स्थल में परिवर्तित कर देने पर ,वहां पर केसिनो खुलेंगे , बीयर बार खुलेंगे , मांसाहारी रेस्टोरेंट खुलेंगे , पब खुलेंगे और वे सारी गतिविधियां होगी जो भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के विपरीत है। ऐसे में हजारो धर्मावलंबी जो प्रतिदिन तीर्थ दर्शन करने आते हैं , जिसमें 60% से 70% महिलाएं होती है , उनकी धार्मिक स्वतंत्रता में रुकावट आएगी । तीर्थ स्थल पर अशांति होगी । व्यवधान होंगे । अधार्मिक एवम



अशोभनीय गतिविधियो होगी। अशालीन वेशभुषा मे पर्यटक घुमेगे ,और अशालीन तरीके से पहाड पर इधर उधर निर्लज्ज होकर बैठे रहेगे। गोवा और उसके समुद्र किनारे इसके जीते जागते उदाहरण है । पूर्व विधायक श्री सकलेचा ने कहा कि भौतिक पर्यटन पाश्चात्य से आयातित व्यापार है । जिसमे भौतिक सुविधा के साथ पूरे मोज शौक से बंधन रहित, ऐसा जीवन जीने की व्याख्या है , जो सामाजिक और धार्मिक व्यवस्थाओं के विपरीत है । पर्यटन मे राजस्व बढाने के नाम पर पर्यटक को वह सारी सुविधा दी जाती है ,जो भारतीय परम्पराओ के विपरीत है। श्री सकलेचा ने चेतावनी दी कि धर्म के साथ व्यापार को जोड़ना, पाश्चात्य संस्कृति और बाजारवाद का एक गहरा षडयंत्र है । जो देश की धार्मिक परंपराओं को कमजोर करके , इस देश की संस्कृति को खत्म करना चाहती है और उसी का परिणाम है कि हमारा परिवारवाद कमजोर हो गया , हमारे धार्मिक त्योहार फीके हो गए , पाश्चात्य त्योहारों की परंपराएं शुरू हो गई, वैलेंटाइन डे, मदर डे , फादर डे मीडिया के हिस्से हो गए । हमारी सामाजिक मान्यताए तहस-नहस होने लगी । अगर ऐसा ही चलता रहा तो फिर कोई जमीन पर बैठकर अपनी पूज्य मा के , गुरूके चरण धोकर , चरण की पूजा कर , परम आनंद की प्राप्ति नही करेगा। श्री सकलेचा ने कहा कि हमे यह स्वीकार करना होगा कि धार्मिक पर्यटन और भौतिक धाराए है।

## कमलनाथ जी सशरीर दिल्ली में रहते है,लेकिन आत्मा भटकती है श्यामला हिल्स में: मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा

**भोपाल, माधव एक्सप्रेस।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के सीएम हाउस में हुई बैठक को लेकर दिए गए बयान पर गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि सरकार जाने के बाद कमलनाथ जी सशरीर तो दिल्ली में रहते है लेकिन सत्ता सुख प्राप्ति के लिए उनकी आत्मा श्यामला हिल्स में ही भटकती रहती है ।शायद इसलिए ही उन्हें पता चल जाता है कि सीएम हाउस में हुई बैठकों में होता क्या है। गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कमलनाथ जी ने बयान दिया है कि सीएम हाउस में गत दिवस हुई बैठक अधिकारियों/कर्मचारियों पर दबाव बनाने के लिए आयोजित कि गयी थी। में कमलनाथ जी से पूछना



चाहता हु कि उनके पास ऐसी कौन सी दिव्य दृष्टि है जो वह सीएम हाउस में हुई बैठकों का हाल आपको बता देती है ।मुझे लगता है कि कमलनाथ जी सशरीर भले ही दिल्ली में रहते हो लेकिन सत्ता सुख प्राप्ति कि लालसा में उनकी आत्मा या कहे लालसा श्यामला हिल्स सीएम हाउस में ही भटकती रहती है गृह मंत्री डॉ मिश्रा ने कहा कि कमलनाथ जी जितनी चिंता बीजेपी कि बैठकों कि करते है अगर उतनी चिंता अपनी सरकार व विधायको कि कर लेते तो न सरकार गिरती औ? न ही 40 विधायक पार्टी छोड़ कर जाते। राष्ट्रपति चुनाव में क्रास वोटिंग भी नही होती।

### इंदरा कांग्रेस अब इंटरनेट कांग्रेस हुई

गृह मंत्री डॉ मिश्रा ने कहा कि ट्विटर पोस्टर और बयानों तक ही सीमित रहने वाली कांग्रेस अब ई इंटरनेट मीडिया कांग्रेस बना रही है। इस मीडिया की कांग्रेस को जरूरत भी है । क्योंकि उनके नेता रोज ऐसे कारनामे करते है कि उसे दुनिया को दिखाने के लिए यह मीडिया जरूरी भी है ।उनके नेताओं की स्थिति देखो कोई खम्बे पर चढ रहा है ।कोई रिवाल्वर चला रहा है गाना गाते में डिस्को करते फायरिंग कर रहा है।

यह सब अब कॉंग्रेस का इंटरनेट मीडिया दिखाएगा।

### डॉ मिश्रा ने कहा कि वैसे भी अब

कांग्रेस ट्विटर पोस्टर और बयानों तक ही सीमित रह गई है। इंटरनेट मीडिया कांग्रेस भी बना ही रहे हैं। आने वाले समय मे कांग्रेस वर्चुअल और दूर दर्शन कांग्रेस हो जाएंगी निकट से उसके दर्शन ही नहीं होंगे।

# नववर्ष 2023 में दिल्ली वासियों को जाम से निजात

संपादकीय

काल का चक्र महाकाल के ईशारे पर निरंतर-निर्विधन घुम रहा है। तभी तो किसी दार्शनिक ने कहा है कि परिवर्तन प्रकृत्ति का अपरिहार्य व शास्वत नियम है ।इससे हम सभी भली भांति परिचित है ।जिसका आरम्भ हुआ हैउसका अंत निशचित है ।जिसका आगमन हुआ उसका जाना निशचित है ।कुछ ऐसा ही सन 2022 का अंत हो रहा हैवही नव वर्ष 2023 का आगमन का आगाज हो गया है ।जाने वाले सन 2022 को अलविदानव वर्ष सन 2023 का स्वागत करने हम सभी अपनी तैयारियों में लग गए है ।सभी अपने चिर परिचितबन्धु-वान्धवों-मित्र परिजन को नव की शुभ कामनाएं व उपहार भेट करनें में व्यस्त है तो कुछ नये साल की संकल्प कार्य योजना को लेकर व्यस्त है ।इसी क्रम में केन्द्र सरकार/दिल्ली सरकार दिल्ली वासियों को जाम से राहत दिलाने के लिए कई राष्ट्रीय राजधानी से नव निमार्नाघीन परियोजना को तैयार करने दिन रात मेहनत कर रही है ।इन परियोजना में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तीन अंडर पास एक फ्लाई ओवर अनवरत कार्य कर रही है। इसका का लाभ फरवरी तक मिलने लगेगा। इसमें किदवई नगर अंडर पास तैयार है। आप को बता दे कि नया साल दिल्ली वासियो को जाम से निजात मिलेगी ।इसके लिए दिल्ली सरकार की चार बड़ी परियोजनाएं अगले दो माह में पूरी होने जा रही हैं ।इसमें एक अंडरपास का उद्घाटन जनवरी के पहले सप्ताह में ही हो सकता है ।तीन अन्य परियोजनाएं भी फरवरी के आखिर तक जनता को समर्पित कर दी जाएंगी ।इससे रिंग रोड पर दक्षिणी दिल्ली से लेकर उत्तरी दिल्ली तक के लोगों को यातायात जाम से राहत मिलेगी शाथ ही शाथ महिला सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना भी शामिल है ।पहली तिमाही में एक लाख 40 हजार और सीसीटीवी कैमरे और लगा दिए जाएंगे।

गांधी विहार में वजीराबाद और जगतपुर के बीच मेट्रो की परियोजना को दो आधे अंडरपास के साथ अनुमोदित किया गया थाजो अभी भी बाहरी रिंग रोड पर बुराड़ी और वजीराबाद के बीच निमार्णाधीन हैं। सर्व विदित रहे कि यह सड़क शहर की सबसे व्यस्त और चौड़ी सड़कों में से एक है ।इस कारण हमेशा इस क्षेत्र में दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है ।वही गांधी विहार अंडरपास के पैदल यात्रियों वाले भाग को तैयार कर लोगों द्वारा इसका उपयोग शुरू करने के बाद काफी राहत मिली है। इस क्षेत्र में कई कोचिंग संस्थान भी हैं। निमार्णाधीन इसअंडरपास के जिस भाग से वाहन गुजरने हैं इसे जनवरी तक तैयार किए जाने का लोक निर्माण विभाग का लक्ष्य है। वही जगतपुर अंडरपास के निर्माण पर 38 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। प्रस्तावित बजट में भले ही नहीं बढ़ा है लेकिन परियोजना दो साल देरी से पूरी हो रही है। भैरों मार्ग से रिंग रोड पर जाने के लिए भैरों मार्ग रिंग रोड टी-प्वाइंट पर अंडरपास बनाया जा रहा है ।इससे मथुरा रोड सेआकर भैरों मार्ग होते हुए सीधे रिंग रोड पर जा सकेंगे। इससे लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। अभी भैरों मार्ग से रिंग रोड पर आश्रम की ओर जाने के लिए पहले एक किलोमीटर के करीब आइटीओ की ओर जाना होता है। उसके बाद पेट्रोल पंप के पास से यू-टर्न लेकर वापस आना होता है ।ऐसे में यू-टर्न लेने वाले वाहनों की वजह से इस प्वाइंट पर भी जाम लग रहा है। इसे सितंबर तक तैयार हो जाना थामगर रेलवे लाइन के नीचे काम में आ रही जटिलता के चलते अब यह कार्य जनवरी या फरवरी तक पूरा होने की उम्मीद है ।परियोजना का कार्य पूरा डेढ़ साल पीछे चल रहा है ।यह अंडरपास वैसे तो सुरंग सड़क परियोजना का हिस्सा है ।इसकी राशि उसी आठ सौ करोड़ में सम्मिलित है लेकिन अंडरपास की कुल राशि 80 करोड़ रुपये मानी जा रही है ।इन दिनो आश्रम और उसके आस-पास के इलाके को जाममुक्त बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। जल्द ही ये पूरा स्ट्रेच जाममुक्त हो जाएगा। यहां चल रहा आश्रम फ्लाईओवर का विस्तार कार्य जनवरी से लेकर फरवरी तक पूरा हो जाएगा ।इसके बनने से आश्रम चौक और डीएनडी तथा आश्रम चौक से सराय काले खां की ओर आना जाना आसान हो जाएगा। इस परियोजना को कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद फ्लाईओवर विस्तार का निर्माण कार्य जून 2020 में शुरू हुआ था ।इस परियोजना की कुल लागत 128.25 करोड़ रुपये है । फ्लाईओवर की कुल लंबाई 1425 मीटर है। इसे सितंबर 2022 में पूरा किया जाना था ।बनकर तैयार है। इसी तरह आइएनए में पूर्वी किदवई नगर और दिल्ली हाट बाजार के बीच पैदल यात्रियों के लिए बने अंडरपास पर लोक निर्माण विभाग ने काम लगभग पूरा कर लिया है ।अधिकारियों के मुताबिक इसे जल्द ही शुरू कर दिया जाएगाजिससे नए साल में साल में लोगों को इसकी भी सुविधा मिल सकेगी। बहु परिक्षित इस परियोजना का शुरूआती समय सीमा इस साल मई थी और पहली समय सीमा अगस्त 2021 थी लेकिन वैश्विक महामारी कोरोना मे लाकडाउन के कारण पूरे शहर में काम ठप होने के कारण परियोजना में विलंब हुआमगर 50 करोड़ की लागत वाली परियोजना अब पूरी हो गई है। यहां लिफ्ट और एस्केलेटर भी लगाए जाने की योजना है। विश्वनीय सुत्रो ने बताया कि तीन अंडरपास और एक फ्लाईओवर का लाभ फरवरी तक मिलने लगेगा। इसमें किदवई नगर अंडर पास तैयार है। इसे जनवरी में खोल दिया जाएगा। अन्य परियोजनाओं को भी जनवरी में पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है ।अब हम केन्द्रीय सरकार के द्वारा संचालित परियोजना की चर्चा करते है। हरियाणा के सोहना से राजस्थान तक 276 किमी लंबे इस एक्सप्रेस-वे का काम अंतिम चरण में है. आठ लेन के इस एक्सप्रेस-वे को फरवरी 2023 में शुरू कर दिया जाएगा ।जिसे ईस्टर्न और वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे से जोड़ा गया है। दिल्ली के आश्रम अंडरपास के पास से दिल्ली- मुंबई कनेक्टर बनाया जाएगाजिसके मार्च 2024 तक बनकर तैयार होने की उम्मीद जताई गई है। दिल्ली- चंडीगढ़ दिल्ली- द्वारका दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस-वे व आई जी आई एयर पोर्ट को जोड़ने के लिए 75.5 किलोमीटर लंबे अर्बन एक्सटेंशन रोड़ का निर्माण कार्य जोरों पर है और अगस्त 2023 तक इसको पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।अर्बन एक्सटेंशन रोड़ बनने से वाहन दिल्ली में प्रवेश किए बिना ही बाहर निकल सकेंगे। अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन से गीता कालोनी और यूपी बार्डर के रास्ते लोनी और बागपत होते हुए दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है ।इस एक्सप्रेस-वे की लंबाई 210 किलोमीटर होगी ।6लेन का यह एक्सप्रेसवे सीधे आई टी ओ सिग्नेचर ब्रिजआई एस वी टी कश्मीरी गेट और दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा और इसका निर्माण कार्य दिसंबर 2023 तक पूरा होने की सम्भावना है। एक फ्लाईओवर जो डीएनडीआश्रम एम्स की ओर आने-जाने वाले वाहनों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए निर्माण किया जा रहा हैक्इस फ्लाईओवर का 70% निर्माण काम पूरा हो चुका है और फरवरी के आखिर में इसे वाहनों के लिए खोलने की उम्मीदयें है ।वही सराय काले खां अंडरपास रिंग रोड़ के रास्ते आई टी ओ से आश्रम की तरफ जाने वालों को सराय काले खां रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के सामने लगने वाले जाम से यह अंडरपास मुक्ति मिलेगी ।इस अंडरपास को वाहन चालकों के अक्तुबर 2023 मे लिए खोल दिया जाएगा ।वही अप्सरा बार्डर से आनंद विहार रेलवे ओवरब्रिज तक 6 लेन के इस फ्लाईओवर पर 275 करोड़ रुपए की लागत राशि खर्च होगी ।1.44किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर को सिंगल पिलर पर निमार्ण पी डब्लु डी कर रहा है। इसका निर्माण कार्य 2023 के आखिर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ।दिल्ली सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा जनहित में कार्य की निश्चित रूप से सहारणीय है ।हम तो खुश है कि दिल्ली वासियो के शाथ जनता जर्नादन को महाकाय जाम से निजात मिल जाएगी ।राज्य सरकार / केन्द्र सरकार की निमार्णाधीन परियोजना अतिशीघ्र पूर्ण हो यही हमारी कामना है ।फिलहाल आप से विदा लेने का वक्त है - ना ही काहुँ से दोस्तीना ही काहुँ से बैर ।खबरी लाल तो माँगेसबकी खैर ॥ जाने वर्ष सन 2022 को अलविदा / नव वर्ष 2023 के नये सूर्य की स्वर्णिम किरणें की तरह आप सभी की उज्जवल भविष्य की मंगल कामना हम करते है। फिर मिलेगे नव वर्ष में-तीरक्षी नजर से तीखी खबर के संग ।अलविदा।

# ऐसा हो 2024 का मेरा प्रधानमंत्री

- आओ 2024 में कर्तव्यनिष्ठ, समर्पित और कुशल नेतृत्व को प्राथमिकता देकर पीएम बनाएं
- मतदाता अब जागरूक हो चुका है - आओ पिछले साढे चार वर्षों में हमने निजी, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय परिपेक्ष में क्या पाया क्या खोया का विश्लेषण करें



संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

वैश्विक स्तरपर भारत की हर गाथाओं, विकास की गतिविधियों, नवाचार, प्रौद्योगिकी विकास सहित हर क्षेत्र में हो रहे अभूतपूर्व विकास पर नजर रखते हुए अब 2024 में होने वाले आम संसद चुनाव पर लगी हुई है कि, भारत का अगला नेतृत्वकर्ता यही कंटिन्यू में रहेगा या जनता का मूड कुछ अलग है, इसपर पूरी दुनिया सहित संपूर्ण भारत के विशेषज्ञों राजनीतिज्ञों रणनीतिकारों उद्योग जगत से लेकर रेहड़ी पटरी वालों तक और एक अति गरीब से लेकर एक भिक्षक तक का उतावलापन इस प्रश्न को लेकर है, 2024 नें इसीलिए भी जोर पकड़ा है कि प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर इस डिजिटल युग में लगातार पिछले कई दिनों से 2024 का पीएम कौन होगा पर चचाएं, डिबेट चल रही है। विपक्ष में एकजुटता के कयास चलाकर कोई एक व्यक्ति को अगला संभावित पीएम पद के लिए घोषित करने के लिए आपाधापी चल रही है, जिसके कई नाम मीडिया में आ रहे हैं ।इधरवर्तमान पीएम का अगला संभावित पीएम घोषित होने की निश्चितता शायद सब जानते होंगे। पर अब हम नागरिकों के सामने जो अपेक्षाएं हैं कि ऐसे हो 2024 का मेरा पीएम, उसके लिए हमें अभी से ही गतिविधियों पर नजर रखना प्रारंभ करना होगा क्योंकि हम अगले पूरे पांच साल के लिए अगला पीएम चुनेंगे जो हमारी अपेक्षाओं पर खरा खरा उतर सके। चूंकि अब मतदाता जागरूक हो चुके हैं इसलिए आज हम चर्चा करेंगे कि पिछले साढे चार वर्षों में हमने निजी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिपेक्ष में क्या पाया क्या खोया इसका विश्लेषण कर भविष्य की इन्हीं तीनों परिपेक्ष्य में हमारी क्या अपेक्षाएं हैं इस पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम अपने अगले 2024 के पीएम से अपेक्षाओं की करें तो हमारी चाहत है (1) प्रशासकीय क्षेत्रों में सुधार हो - हमें ऐसा पीएम चाहिए जो शासकीय काम के प्राथमिक टेबलों की प्रक्रिया पर लगाम लगाए ताकि भ्रष्टाचार की स्टेप्स में कमी हो। पटवारी से लेकर कलेक्टर तक पूरी तरह से पारदर्शिता हो क्योंकि अभी भी अगर हम इस चैन में जाते हैं तो टेबल टू टेबल प्रक्रिया में फस जाते हैं और अंतिम उपाय हरे गुलाबी ही है, हालांकि यह स्टेट के अंतर्गत आता है पर इसको कुशासन या वीक पॉइंट को मानकर कुछ स्तर तक सुधारात्मक पारदर्शिता करना जरूरी है। ऐसा व्यक्ति पीएम हो जो अब, कलेक्टर लेवल से ना होकर के पटवारी लेवल से मन की बात करें। हर शासकीय टेबल की जवाबदेही निश्चित हो, भ्रष्टाचार कानून को अति सख्त बनाया जाए क्योंकि इसका रिजल्ट अभी पिछड़ा हुआ है। अधिकतम दोषी छूट जाते हैं। कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक का मिलीभगत चैनल को अति सख़्ती से तोड़ा जाए क्योंकि आम जनता को इसी चैनल से अति परेशानी का सामना करना पड़ता है। (2) सबलों को बाहर निर्बलों को अंदर - यह एक कटु सत्य है कि दशकों से चले आ रहे आरक्षण प्रक्रिया में सबल और अधिक मजबूत सबल और निर्बल वैसे ही रहने का क्रम जारी है। आज जरूरत है, सबल हो चुके लोगों को पीढ़ी दर पीढ़ी आरक्षण पर अंकुश लगाया जाए जिसका विकास हो गया है, अति संपन्न हो चुके हैं, उनको इस प्रक्रिया से बाहर करें। अब उन्हें इस दायरे में ढूंढ कर लाया जाए जो अभी तक वाकई निर्बल ही हैं उन्हें इसके बारे में जानकारी तक नहीं है कि कैसे आरक्षण के दायरे में लाया जा सकता है। उपरोक्त दोनों मुद्दों ऐसे हैं जो ऊपरी तौर पर तुच्छ दिखते हैं परंतु हम जितना इसके अंदर जाएंगे, उतने लीकेजेस हमें मिलते चले जाएंगे। बस! जरूरत है इन लीकेजेस को बंद करने की जो हम 2024 के पीएम से अपेक्षा रखते हैं, और उसी को पीएम के रूप में देखना पसंद करेंगे। साथियों बात अगर हम नेतृत्व क्षमता और उसके व्यक्तित्व की करें तो, किसी देश को विकसित करने के लिए उस राष्ट्र-राज्य को सिर्फ भौतिक-आर्थिक विकास के संदर्भ में ही विकास की आवश्यकता नहीं होती बल्कि विकास का लाभ समाज के निचले तबके और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए ताकि उसके जीवन में आमूलचूल परिवर्तन आए और अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर बने। इसके साथ ही आवश्यकता किसी भी राष्ट्र के सांस्कृतिक पुनरुद्धार की भी होती है, जो सकारात्मक सभ्यता के साझा मूल्यों और इन मूल्यों में गर्व की भावना पर आधारित हो। इतना ही नहीं, इसके लिए राजनीतिक स्थिरता की आवश्यकता होती है और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में उस देश के लिए एक उचित स्थान भी जरूरी है। कोई देश अपने नागरिकों, उसके शासन वाले संस्थानों और उसका नेतृत्व करने वाले नेताओं के मूल्यों से ही महान बनता है। इसके लिए चार बुनियादी विशेषताएं होनी चाहिए (1)वे दूरदृष्टि रखते हों, लक्ष्य तय करते हों और उस लक्ष्य को पूरा करने में लगे रहते हैं। (2) वे अपने एजेंडे को लेकर निर्णायक और स्पष्ट होते हों। (3) लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह अपने भीतर देखते हों। (4) उनका अपना एक करिश्मा होता हो। एक सुस्पष्ट दृष्टि और योजना हो कि आजादी के 100 वें साल में राष्ट्र किस मुकाम पर होगा। भारत के लिए एक विजन और दीर्घकालिक लक्ष्य तय किया हो। इसे हासिल करने के लिए उन्होंने व्यापक लक्ष्य को विभिन्न माध्यमों और अल्पकालिक लक्ष्यों में विभाजित किया हो और इसमें सरकार के हर वर्ग, पहलू और क्षेत्र को समावेश किया हो ।लक्ष्य चाहे एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था का हो या फिर व्यवसाय की सुगमता का या फिर वैश्विक निर्यात का प्रतिशत या वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सा बढ़ाने का हो, इनके बारे में एक स्पष्ट रुख अख्तियार की योजना हो और इन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में प्रयास की भी योजना हो। साथियों आर्थिक और वित्तीय मानदंडों सहित हर क्षेत्र में वैश्विक सूचकांक को के मानदंडों के उच्च रैंकिंग हासिल करने की एक योजना हो और उस योजना पर का क्रियान्वयन करके जल्द ही उसका रिजल्ट लाने की क्षमता हो। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा हो। भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में आपको शायद ही कोई चरित्र मिलेगा जो सार्वजनिक जीवन में रहते हुए सार्वजनिक जीवन की दुष्प्रभावों से प्रभावित नहीं हुआ। निडर होकर उन्होंने काम किया हो और कभी किसी को लाभ नहीं पहुंचाया हो। वह करिश्माई हो जो वह खुद को जनता से जोड़ते हों। उनके लिए राजनीति पावर नहीं बल्कि सेवा का माध्यम हो। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि ऐसा हो 2024 का मेरा प्रधानमंत्री। आओ 2024 में कर्तव्यनिष्ठ समर्पित और कुशल नेतृत्व को प्राथमिकता देकर पीएम बनाएं। मतदाता जागरूक हो चुका है, पिछले साढे चार वर्षों में हमने निजी राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय परिपेक्ष में क्या पाया क्या खोया का विश्लेषण करें।

## राशिफल

शुभ संवत २०७९ शाके १९४४ सौम्य गोष्ठ पौष शुक्ल पक्ष हेमंत ऋतु गुरु उदय पूर्व पूर्व शुक्रोदय पश्चिम तिथि त्रियोदशी बुधवासरे रोहिणी नक्षत्रे शुभ योगे कौलव करणे वृष की चंद्रमा प्रदोष व्रत सर्वार्थ सिद्ध योग औषधि सेवन क्रय विक्रय मुहूर्त तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल...

आज जन्म लिया बालक योग्य बुद्धिमान चपल चतुर जिद्दी हठी स्वाभिमानी कुशल वक्ता वाहन चालक इन्सपेक्टर तथा बस ट्रक का मालिक होगा।

**मेष राशि:** इष्टमित्रों से धोखे की संभावना है सतर्कता से विरोध के बाद भी लाभ होगा।

**वृष राशि:** समय हर्ष-उत्साह से बीतेगा धन लाभ अधिकारी वर्ग का समर्थन फलप्रद होगा।

**मिथुन राशि:** सफलता के साधन जुटायेंगे तनावपूर्ण स्थिति से बचिये समय का ध्यान रखें।

**कर्क राशि:** स्थिति में सुधार होगा स्त्री वर्ग से हर्ष व्यवसायिक क्षमता अनुकूल होगी।

**सिंह राशि:** आशानुकूल सफलता से हर्ष समय स्थिति को देखकर कार्य अवश्य करें।

**कन्या राशि:** धन का व्यर्थ व्यय होगा दूसरों के कार्य में हस्ताक्षेप करने से तनाव अवश्य होगा।

**तुला राशि:** कार्यगति अनुकूल होगी आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा मित्र सहयोग करेंगे।

**वृश्चिक राशि:** सामाजिक कार्य में प्रतिष्ठा प्रभुत्व वृद्धि एवं कार्य कुशलता से संतोष होगा।

**धनु राशि:** कार्य कुशलता से हर्ष योजना फलीभूत होगी रुके कार्य अवश्य ही बन जायेंगे।

**मकर राशि:** अधिकारियों के कोप से बचें तनाव व क्लेश रहेगा आवेग व अशांति की स्थिति में धैर्य से काम लें।

**कुंभ राशि:** उदविघ्नता व असमंजस का वातावरण रहने से मन क्लेशयुक्त रहेगा शांति व धैर्य रखें।

**मीन राशि:** बिगड़े हुये कार्य बनेंगे योजनायें फलीभूत होंगी सफलता के साधन जुटायें।

# दहशत-ए-कोरोना: एक अबूझ पहेली

लेखक - तनवीर जाफरी

पूरे विश्व में एक बार फिर कोविड के विस्तार को लेकर चिंतायें बढ़ने लगी हैं। भारत सहित दुनिया के अनेक देश इस खतरनाक वायरस का मुकाबला व इसकी रोक थाम करने के लिये तरह तरह की तैय्यारियों में जुट गये हैं। एक बार फिर तरह तरह के प्रतिबंधों से लेकर कई नये नये नियम भी बनाये जा रहे हैं। विदेश से आने वाले यात्रियों की टेस्ट व जाँच शुरू कर दी गयी है। और पहले की ही तरह इस बार भी पड़ोसी देश चीन को लेकर ही वैश्विक स्तर पर फिर वही सुना जाने लगा है कि -चीन में अस्पतालों में कोरोना मरीजों को रखने और उनका इलाज करने की जगह नहीं है। वहां कब्रिस्तान में लाशों की लाइनें लगी हुई हैं। ऐसे में भारत जैसे उस देश के लोगों का कोरोना के संभावित खतरों अथवा उसकी दहशत को लेकर फिक्रमंद होना लाजिमी भी है जिसने कोविड के दो वर्ष पूर्व के विस्तार के दौरान अकल्पनीय हालात का सामना किया हो। निःसंदेह देश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर देने वाला लॉक डाउनऑक्सीजन की कमी से दम तोड़ते मरीजमरीजों व उनके परिजनों की चीख पुकार थल-जल-वायु में थमे हुये यातायात के पहियेरेलवे ट्रैक पर व सड़क मार्ग से हजारों किलोमीटर की पैदल यात्रा पर चलने वाले करोड़ों कामगारों का परिवाररास्ते में भूख और थकान से दम तोड़ते लोगशमशान घाट पर अंतिम संस्कार के लिये लगी लंबी लाइनेंनदियों में तैरती व किनारे पड़ी लावारिस लाशें यह दृश्य और उसकी दहशत देश कभी भूल नहीं सकता। इसीलिये कोविड/कोरोना या इससे जुड़े किसी नये वैरिएंट की खबर और इन खबरों के माध्यम से फैलने वाली अथवा फैलाई जाने वाली दहशत को लेकर आम लोगों की चिंतायें स्वभाविक हैं। भारत के लिये सबसे बड़ी चिंता पड़ोसी चीन देश में कथित अनियंत्रित कोविड विस्तार की खबरों की वजह से अधिक है। परन्तु चीन के अधिकारी कहते रहते हैं कि विश्व मीडिया चीन में कोविड दुर्दशा का प्रोपेगंडा कर रहा है उसकी तुलना में चीन के हालात उतने खराब नहीं हैं। केवल चीनी सत्ता के पक्षकार ही नहीं बल्कि चीन के विभिन्न नगरों व महानगरों में रहने वाले तमाम ऐसे भारतीय भी जो अंतर्राष्ट्रीय मीडिया विशेषकर भारतीय प्रोपेगंडा मीडिया द्वारा चीन के बारे में कोरोना से संबंधित खबरों को बिना किसी तथ्यपुष्टि अथवा सत्यापन के प्रचारित करने को लेकर बेहद दुखी हैं। वे चीन की वास्तविक सामान्य स्थिति दशार्ने वाले अनेक वीडीओ अपलोड कर रहे हैं। अपने ऐसे वीडीओ में वे स्पष्ट रूप से बता व दिखा रहे हैं कि भारतीय मीडिया द्वारा चीन के बारे में कोरोना संबंधी दुष्प्रचार की वजह से किस तरह भारत में रह रहे उनके परिजन चिंतित हो जाते हैं। ऐसे कई भारतीय चीन के बाजारों की सामान्य रौनक और बेफिक्र चीनियों की रोजमर्रा की नियमित जिंदिगी की वीडीओ व तस्वीरें शेयर करते हुये यही बताना चाह रहे हैं कि चीन में सब कुछ नियंत्रण में है और चीन संबंधी झूठी खबरों ने ही जान बूझ कर दहशत का माहौल बना रखा है। कोरोना के बढ़ते खतरों के मद्देनजर भारत में भी सरकार ने सार्वजनिक स्थलों पर मास्क लगाने के निर्देश जारी किये हैं। परन्तु जनता द्वारा इन निदेर्शों का पालन करना तो दूर स्वयं नियम निमार्ताओं द्वारा ही इस पर अमल नहीं किया जा रहा है। पिछले दिनों देश की लोकसभा के साथ साथ उत्तर प्रदेश व अन्य कई राज्यों की विधान सभा कार्रवाइयों या मुख्यमंत्री स्तर की एक ही दिन व समय पर चलने वाली विभिन्न बैठकों के चित्र प्रकाशित हुये। इनमें केवल लोकसभा का चित्र ऐसा था जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अनेक मंत्री मुंह पर मास्क ढके दिखाई दे रहे थे। शायद ऐसा इसलिये भी था कि उसी दिन सरकार को सार्वजनिक स्थलों पर मास्क लगाने का निर्देश जारी करना था और कोरोना की दहशत के मद्देनजर राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा को स्थगित करने की अपील भी करनी थी। अन्यथा अन्य राज्यों से उसी दिन प्राप्त होने वाले चित्रों में मुख्य मंत्रियों से लेकर उच्चाधिकारियों तक किसी ने भी मास्क नहीं पहना हुआ था। इसी तरह के विरोधाभास आम लोगों के मन में कोरोना के खतरों को लेकर संदेह पैदा करते हैं। वैसे भी भारत सहित पूरे विश्व में लोगों का एक वर्ग ऐसा भी है जो कोविड वैक्सीन से लेकर मास्क सुरक्षा तक के किसी भी कोविड सुरक्षा उपाय को पूरी तरह खारिज करता है। ऐसा इसलिये भी है कि क्योंकि स्वयं वैज्ञानिक भी किसी भी कोविड संबंधी उपाय या इलाज को कोविड से सुरक्षा का शर्तिया उपाय नहीं बल्कि इससे रक्षा करने का तरीका मात्र ही मानते हैं। कोविड के खतरों के प्रति लोगों के गंभीर न होने का दूसरा कारण यह भी है कि जनता कोरोना के घोर प्रकोप के दौरान ही कुंभ मेले के आयोजन से लेकर बिहार व बंगाल जैसे अनेक राज्यों के चुनावों में नेताओं द्वारा की जाने वाली लाखों लोगों की रैलियांरोड शो व जनसभायें तथा उन्हीं दिनों दिल्ली सीमा पर लाखों किसानों की मौजूदगी में एक वर्ष तक दिन रात चला किसान आंदोलन भी देख चुकी है। पूरा देश इस बात से भी बखूबी वाकिफ है कि नीति निमार्ताओं से लेकर आम लोगों तक कौन कोरोना नियमों का कितना पालन करता है। कोरोना नियमों को लेकर अपनाया जाने वाला दोहरा मापदंड और लोगों की मनमानी भी इसकी दहशत व गंभीरता को कम करते हैं। वहीं विश्व का एक वर्ग जिनमें काफी संख्या में डॉक्टर्स व बुद्धिजीवी भी शामिल हैंऐसा भी है जो इस पूरे कोविड प्रकरण को दवावैक्सीन और अन्य तमाम औषधि सामग्री बेचे जाने का एक विश्वव्यापी नेटवर्क मानता है। और इससे संबंधित दहशत को एक सुनियोजित प्रोपेगंडा षड़यंत्र का ही एक हिस्सा। आश्चर्य की बात तो यह है कि दुनिया के किसी भी देश ने न तो कोरोना दहशत को एक सुनियोजित प्रोपेगंडा षड्यंत्र बताने वाले किसी एक भी व्यक्ति के विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई की न ही मास्क व वैक्सीन का बहिष्कार करने वालों के खिलाफ कोई कदम उठाया। बल्कि इस तरह के स्वर और भी तेज होते जा रहे हैं। इसलिये आम नागरिकों का यह सोचना स्वभाविक है कि कोविड वास्तव में किसी बीमारी के किसी खतरनाक वायरस का ही नाम है या फिर दहशत-ए-कोरोना दुनिया के लिये एक अबूझ पहेली बन चुकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### महापौर ने की प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा



**उज्जैन, माधव एक्सप्रेस।** नगर पालिक निगम महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में झोनवार प्रधानमंत्री आवास योजना के प्राप्त आवेदनों पर चर्चा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। महपौर श्री मुकेश टटवाल ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक लेते हुए झोनवार प्राप्त आवेदनों पर चर्चा की एवं निर्देशित किया कि बी एल सी अंतर्गत झोन कार्यालयों में प्राप्त आवेदनों को अनुशंसा सहित शीघ्र ही प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय में भेजा जाए जिससे बी. एल. सी. आगामी डीपीआर स्वीकृति हेतु शासन को भेजी जा सके। समस्त झोन के कुल मिलाकर 950 हितग्राही जिनके द्वारा प्रथम किश्त मिलने के उपरांत भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उनसे शीघ्र कार्य प्रारंभ करवाया जाए। साथ ही 55 ऐसे हितग्राही जिन्हें प्रथम किश्त प्राप्त होने के पश्चात भी निर्माण कार्य प्रारंभ न करने के कारण उनके प्रकरण सरेण्डर किये जा चुके हैं, उनसे राशि वसूली की कार्यवाही की जाए। बैठक में उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री श्री पी. सी. यादव, सहायक आयुक्त श्रीमती कीर्ति चौहान, जनसपंर्क अधिकारी श्री सुनील जैन के साथ ही समस्त झोनों के झोनल अधिकारी उपस्थित थे।

### दुकानों के बाहर से हटाया अतिक्रमण



**उज्जैन, माधव एक्सप्रेस।** कंठाल से लेकर छत्रीचौक, ढाबा रोड, गोपाल मंदिर तक दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान के बाहर तक रख रखे सामान से यातायात व्यवस्था बाधक बन रही है ऐसे अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही मंगलवार को नगर निगम, पुलिस प्रशासन एवं यातायात पुलिस द्वारा की गई। महापौर श्री मुकेश टटवाल ने टास्क फोर्स समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया था कि कंठाल से लेकर छत्रीचौक, ढाबा रोड़, गोपाल मंदिर प्रमुख मार्ग में दुकानदरों द्वारा अपनी दुकानो का सामान सड़क तक रख कर यातायात बाधित किया जाता ऐसे अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। जिससे आवागमन सुचारू रूप से चल सके। नगर निगम रिमुव्हल गैंग द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से मंगलवार को दुकानों के बाहर रखे अव्यवस्थित रूप से सामान को हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की गई एवं नगर निगम रिमूवल गैंग द्वारा मुनादी की जाकर दुकानदारों को समझाईश देने का कार्य भी किया जा रहा है। कार्यवाही में सीएसपी ओम प्रकाश मिश्रा यातायत थाना प्रभारी पवन कुमार एवं नगर निगम रिमूवल गैंग के प्रभारी आशिक आदि मौजूद थे।

### महाकाल मंदिर के पास से हटाए मकान



**उज्जैन, माधव एक्सप्रेस।** महाकालेश्वर मंदिर विस्तारीकरण योजना अन्तर्गत द्वितीय चरण के निर्माण कार्य में बाधक बन रहे मकानो को हटाने की कार्यवाही प्रशासनिक अमले एवं नगर निगम द्वारा की गई। महाकालेश्वर मंदिर विस्तारीकरण योजना के द्वितीय चरण के कार्यो में गणेश मंदिर के पास की गली में बाधक बन रहे मकानों को मंगलवार को प्रशासनिक अमले एवं नगर निगम द्वारा जेसीबी के माध्यम से हटाया गया। गणेश मंदिर के पास की गली में स्थित 13 मकानों का अधिग्रहण किया था।

### चाइना डोर विक्रेता के अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की

**उज्जैन, माधव एक्सप्रेस।** नगर निगम द्वारा मंगलवार को पुलिस प्रशासन के समन्वय से चाइना डोर विक्रेता के अवैध अतिक्रमण को हटाने की



कार्यवाही की गई एवं प्रकरण दर्ज करवाया गया। नगर निगम रिमूव्हल गैंग द्वारा पुलिस प्रशासन के समन्वय से झोन क्रमांक 6 वार्ड क्रमांक 47 श्रीराम नगर, नीलगंगा मकान नंबर 80 निवासी हितेश भीमवाणी पिता गिरधारी लाल भीमवाणी चाइना डोर विक्रेता के अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई साथ ही प्रकरण दर्ज करवाया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के समन्वय से नगर निगम के भवन निरीक्षक एवं रिमूवल गैंग द्वारा की गई।

# पूर्व छात्र सम्मलेन में शामिल हुए एमबीए के पूर्व विद्यार्थी






**उज्जैन, माधव एक्सप्रेस**
प्रशांति प्रबंध संस्थान में गूँज-पूर्व छात्र सम्मलेन का आयोजन किया गया जिसमे एमबीए के पूर्व विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के पूजन तथा दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशांति एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एलएल गुप्ता तथा उपाध्यक्ष सीए अवनीश गुप्ता उपस्थित थे। सीए अवनीश गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि संस्थान में पढ़ चुके विद्यार्थी संस्थान के आधार स्तंभ है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर संस्थान का देश विदेश में गौरव बढ़ाया है। संस्थान के निदेशक डॉ. सुयश झवर ने पिछले कुछ महीनो में संस्थान द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में बताया और उन्होंने एमबीए के पूर्व विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे समय समय पर संस्थान में आकर कनिष्ठ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. प्रणय घाटीवाल ने पूर्व विद्यार्थियों और संस्थान के बीच एक अटूट बंधन स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा उन्होंने पूर्व छात्रो को वर्तमान छात्रों के साथ अपने कॉर्पोरेट अनुभव साझा करने के लिए मंच पर आमंत्रित भी किया। इस दौरान वर्तमान छात्रो के द्वारा रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। संचालन छात्रा दर्शना उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आस्था नागर, प्रो. इशिता जाधव, प्रो. योगेंद्र नामदेव, प्रो. सौरभ जैन, प्रो. रागेश्वरी मेहता, प्रो. सुरभि राजोरिया, प्रो. एश्वेल फिलिप, प्रो. अक्षिता श्रीवास्तव, प्रो. गरिमा सोनी, प्रो. आयुषी जुनेजा, भारती तिवारी तथा राधा सिसोदिया उपस्थित रहे।

# शासकीय भूमि पर भू माफियाओं ने काटी कालोनी

## पीड़ित नागरिकों की शिकायत पर एएसपी ने जांच अधिकारी बदला





**उज्जैन, माधव एक्सप्रेस**
काजीपुरा, अंकपात मार्ग, उज्जैन स्थित व्यास (गैस) का बाग में शासकीय भूमि को निजी बताकर गरीबों को बेचकर उनका आर्थिक शोषण करने वाले भू माफियाओं रफीकउद्दीन कुरैशी व मुन्ना कुरैशी नि. मिर्जा नईम बेग मार्ग उज्जैन के विरूद्ध पीएस जीवाजीगंज उज्जैन में अवैध कालोनी काटने का प्रकरण दर्ज हुआ परंतु धोखाधड़ी करने, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने की धारा नहीं लगाई गई। यह आरोप लगाते हुए व्यास का बाड़ा के नागरिकों ने जनसुनवाई में मंगलवार 3 जनवरी को पुलिस अधीक्षक के नाम संबोधित पत्र अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश भूरिया को सौंपे तथा जांच अधिकारी उप निरीक्षक के अत्याचार, मनमानी व पक्षपात की जानकारी दी और भू माफियाओं के विरूद्ध धाराएं बढ़ाने व इनका मकान तोड़ने की गुहार की। विश्व हिन्दू महासंघ मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता कृष्णा मालवीय के अनुसार एएसपी भूरिया ने तत्काल ही जांच अधिकारी बदलकर इस संवेदनशील प्रकरण की जांच सीएसपी जीवाजीगंज को दे दी और प्रकरण में चार सौ बीसी सहित अन्य ठोस धाराएं बढ़ाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कृष्णा मालवीय, मिलन चौधरी, विधिक सलाहकार मनोज कुमार समन, बालकिशन धैर्या, श्रवण मालवीय, तूफान उमेरे, महेश मालवीय, भगवानसिंह मीणा, नर्मदाप्रसाद चौधरी, घनश्याम, गोलू गिरजे, बंटी डागरे, जगदीश मालवीय, किशोर मालवीय, गणेश मालवीय, अशोक मालवीय, सुशील मालवीय, अशोक पंड्या, रतनबाई, तसब्बुर हुसैन, युनूस भाई, गोवर्धनलाल, तेजकरण, घनश्याम, सतीश वर्मा, आशाबाई, इन्द्राबाई आदि सहित कई नागरिक उपस्थित थे।

# बिना गाईड लाईन तय किये बेच दी विनोद मिल की जमीन

## *करोड़ों के राजस्व की हानि हुई, नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने लगाई आपत्ति*

**उज्जैन, माधव एक्सप्रेस**
विनोद मिल की जमीन को बिना गाईड लाईन तय करे बेच दिया गया है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व की हानि हुई है, जमीन विक्रय के बाद गाईड लाईन तय होने से सरकार को हानि और कॉलोनाईजर एवं बिल्डर्स को लाभ हो रहा है। ऐसे में विनोद मिल की परिसम्पतियों के पार्सल के निवर्तन हेतु गाईड लाइन के लिये शासन राजस्व हित में नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय पार्षद डॉ. रवि राय ने जिला पंजीयक एवं संयोजक जिला मूल्याकन समिति के समक्ष आपत्ति लगाते हुए विक्रय संबंधी आदेश को तत्काल रोके जाने की मांग की है। रवि राय ने कहा कि सरकार की मंशा विनोद मिल की जमीन बेचने की लगभग 2 साल पूर्व से थी तो गाईड लाईन विक्रय के पूर्व ही बड़ाई जाना थी, बेचने के बाद गाईड लाईन बढ़ाने से बिल्डर, कॉलोनाईजर को लाभ हुआ लेकिन आम नागरिक को जमीन महंगी पड़ेगी। डॉ. रवि राय ने बताया कि सर्वे क्रमांक 1738/3, 1738/2, 1919, 1928/5, 1920/1/1, 1920/1/2, 1909/1/2, 1909/1, 1920/3/1, 1909/3, 2923/1/1 की भूमियाँ हैं जो लगभग 92 बीघा हैं। 92 बीघा की ये समस्त भूमियाँ सर्वे क्रमांक एक ही परिक्षेत्र के है सभी भूमि समीप लगी भूमि हैं। उक्त भूमि अशोक मण्डी मार्ग पर ही स्थित है, पश्चात रेल्वे एवं हिरा मिल्स की भूमि हैं। उक्त भूमि के पार्सल क्रमांक 1 एवं 2 को मध्य प्रदेश शासन के लोक परिसम्पति प्रबंधक विभाग द्वारा 19.04.2022 को निविदा के माध्यम से विक्रय कर दी गई हैं जिसका टेण्डर रेट 8789 पर मीट प्रकाशित किया गया। 1.07.2022 को उक्त पार्सल 01 की भूमि लक्ष्मी बाई राठौर को 13000 रुपए लगभग वर्ग मीटर में विक्रय की जा चुकी हैं पार्सल 02 की भूमि अशोक कुमार जैन को लगभग इसी रेट पर विक्रय की जा चुकी है। उक्त न्यूनतम राशि में विक्रय करने पर मध्य प्रदेश शासन लोक परिसम्पति विभाग को लागत 135 करोड रुपए राजस्व की हानि हो चुकी है। उक्त भूमि अशोक मण्डी मार्ग पर स्थित हैं एवं अशोक मण्डी मार्ग की गाईड लाइन अनुसार ही वृद्धी का हैं शासन को इस संबंध में आदेश जारी किये गयें।

# भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की स्वर्गीय माता जी को श्रद्धांजलि दी



**उज्जैन, माधव एक्सप्रेस**
प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी की माताजी हीरा बा का निधन शुक्रवार को १०० वर्ष की आयु में हो गया । उज्जैन के सिख समाज के प्रमुख एवं समाजसेवी जत्थेदार सरदार सुरेंद्रसिंघ अरोरा की अध्यक्षता में उनके निज निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की माताजी हीरा बा को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम रखा। सरदार सुरेन्द्रसिंघ अरोरा, श्रीमती अलका अरोरा, बोहरा परिवार के हाजी मुल्ला कुतुब फातेमी (पूर्व पार्षद) डॉ. मुस्तफा घोड़ीवाला, सफदर अत्तार, श्रीमती नाज़िमा फातेमी, श्रीमती तस्नीम घोड़ीवाला ने कैंडल जला कर स्वर्गीय हीरा बा को श्रद्धांजलि पेश की एवं दुआ अरदास की कि पाक परवरदिगार पवित्र आत्मा को जन्नत में उच्च स्थान प्रदान करें। साथ ही जम्मू के डांगरी गाँव में आतंकी हमले में मारे गये बेगुनाह चार ग्रामीणों को भी श्रद्धांजलि पेश कर उनके हक में भी दुआ की।

# गांव के दबंगों ने सरकारी जमीन पर किया कब्जा तो सरपंच प्रतिनिधि ने ग्रामीण के साथ कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**उज्जैन, माधव एक्सप्रेस**
कोठी पैलेस पर जनसुनवाई में सरपंच के साथ गांव के लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया। माकड़ोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कतवारिया मैं रहने वाले गुर्जर समाज के बाहुबली और गांव के दबंग भाजपा नेताओं ने गांव की लगभग 15 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया है । जिसके बाद नवनिर्वाचित सरपंच प्रतिनिधि ने सरकारी जमीन पर हुए कब्जे को हटाने की मुहिम ग्रामीण जनों के साथ खोल दी है । हालांकि सरपंच प्रतिनिधि विक्रम सिंह का कहना है कि उन्होंने इस सरकारी जमीन पर हुए कब्जे की शिकायत संबंधित थाने तहसील कार्यालय एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों को की है। लेकिन अभी तक वहां से उनका कब्जा नहीं हटाया गया है। जिसके बाद वह अब आज कलेक्टर आशीष सिंह के पास पहुंचे और घटना से कलेक्टर को अवगत कराया और सरकारी जमीन से बाहुबली का कब्जा छुड़वाने की सरपंच प्रतिनिधि और ग्रामीण जनों ने मांग की है।

# शासकीय स्कूल में निशुल्क चश्मे वितरित







**उज्जैन, माधव एक्सप्रेस**
कृष्णा भार्गव वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आभा भार्गव की स्मृति में शामावि कार्तिक चौक उज्जैन में नेत्र परीक्षण शिविर एवं निशुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम शाला परिसर में आयोजित किया गया। ट्रस्ट संयोजक शिवम भार्गव ने बताया कि प्रथम नेत्र परीक्षण शाला स्तर पर 169 बच्चों का किया गया। 39 नेत्र दोष पाए जाने छात्र-छात्राओं एवं उनके 27 पालकों का नेत्र परीक्षण नेत्र सहायक श्रीमती अंगुरबाला कठेरिया द्वारा किया गया एवं उनको चश्में भी निशुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुभाष मेहता, विशाल नीमा, योगेश पोरवाल आदि उपस्थित थे। संचालन सुश्री उपमा शर्मा ने माना। आभार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित संस्था प्रधान राकेश भार्गव ने माना।

# लताजी का चित्र गीता आनंद ने गड़करी को भेंट किया



**उज्जैन, माधव एक्सप्रेस**
लताजी को आदरांजलि कार्यक्रम मेरी आवाज ही मेरी पहचान है। मुख्य अतिथि सलूजा, समाजसेवी अरविंद कुमार पांचाल शुजालपुर मंडी, समाजसेवी कैलाश सोनी, राजेन्द्र कुलकर्णी गायक इंदौर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कालिदास अकादमी में चित्रकला प्रतियोगिता में गीता आनंद को पुरस्कृत किया गया। गीता आनंद ने लताजी की खूबसूरत पेंटिंग परिकल्पना एवं निर्देशन हेमा गड़करी को संकुल हॉल में भेंट की। संयोजक राजेश सारड़ा स्टार फोटोग्राफर द्वारा संचालन किया गया। श्रीमती सुरेखा सुभाष दुबे, गुड्डू भाई, लक्ष्मी जीनवाल, धर्मेन्द्र रघुवंशी, अविका जैन द्वारा गानों की विशेष प्रस्तुतियाँ दी गई। आभार मेहा गुप्ता ने माना। यह जानकारी डाली वर्मा इन्दौर एवं राजेश सारड़ा स्टॉर फोटोग्राफर ने संयुक्त रूप से दी।

स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक राहुल मिश्रा बेचैन द्वारा सी 10 अरिहंत विक्रम नगर सेठी नगर के पास, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित तथा प्रियंका आफसेट, 2/10, पीपलीनाका चौराहा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक राहुल मिश्रा बेचैन। मोबाईल 8602112111 (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र उज्जैन ही मान्य होगा।)

## राहुल गांधी के बयान पर भाजपा का पलटवार

# वे चाहते हैं कि भारत चीन के आगे नतमस्तक हो जाए

### भ्रमण करते-करते भ्रम के शिकार हो चुके हैं राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को चीन के साथ सीमा विवाद पर हाल में दिए बयान को लेकर आड़े हाथों लेकर आरोप लगाया कि वह चाहते हैं कि भारत चीन के आगे नतमस्तक हो जाए। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भ्रमण करते-करते राहुल गांधी खुद ही भ्रम के शिकार हो चुके हैं। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी पर 135 करोड़ भारतीयों का मनोबल गिराने के प्रयास का आरोप लगाकर कहा कि उनका बयान ना सिर्फ निंदनीय है बल्कि अक्षम्य भी है। ज्ञात हो कि राहुल गांधी ने पिछले दिनों अभिनेता एवं नेता कमल हासन के साथ एक संवाद के दौरान कहा था कि चीन भारत के साथ उसी सिद्धांत पर अमल कर रहा है जो रूस



ने यूक्रेन के साथ अपनाया है क्योंकि वह (चीन) भारत की सीमाओं को बदलने की धमकी दे रहा है। राहुल ने कहा था 'रूसियों ने यूक्रेन से कहा कि हम नहीं चाहते कि तुम पश्चिम के साथ मजबूत संबंध रखो। बुनियादी रूप से उन्होंने यूक्रेन से यह कहा था कि अगर तुम पश्चिम के साथ मजबूत रिश्ता रखते हो तब हम तुम्हारा भूगोल बदल देने वाले हैं। उन्होंने दावा किया यही सिद्धांत भारत को लेकर भी अपनाया जा सकता है। चीनी यही कह रहे हैं कि आप जो कर रहे हैं उस लेकर सावधान रहिए क्योंकि हम आपका भूगोल बदल देने वाले हैं। हम लद्दाख में घुस जाएंगे हम अरुणाचल प्रदेश में घुस जाएंगे। मैं यह देख सकता हूं कि वे इस तरह के रवैये के लिए एक बुनियाद तैयार कर रहे हैं। दरअसल राहुल गांधी के इन बयानों को निंदनीय और अक्षम्य करार देकर भाजपा प्रवक्ता त्रिवेदी ने कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने देश के सामने अपनी मंशा को साफ कर दिया है। उन्होंने कहा इससे साफ हो गया है कि कांग्रेस की मंशा क्या है। चीन के साथ विवाद पर भारतीय सेना के लिए पीटने शब्द का उपयोग करने के बाद उन्होंने जो बयान दिया है कि उसका अर्थ यह है कि भारत को ठीक उसी प्रकार चीन के सामने समर्पण कर देना चाहिए जैसा उनकी सरकार के दौरान होता था। त्रिवेदी ने कहा आपने (राहुल ने) साफ कर दिया कि जैसे कभी आपके जमाने में खानदानी रवायत के चलते हमने अपनी जमीन गंवाई थी आप चाहते हैं कि चीन के सामने नतमस्तक हो जाए भारत। भाजपा प्रवक्ता ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष से सवाल किया कि भारत की सेना का मनोबल गिराने के बाद अब वह 135 करोड़ भारतीयों का मनोबल गिराने का प्रयास क्यों कर रहे हैं उन्होंने पूछा या तो वह चीन से मिले चंदे के एहसान की वजह से ऐसा कर रहे हैं या चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से हुए करार के प्यार की वजह से कर रहे हैं।

## पटना एयरपोर्ट पर पायलट की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**पटना।** बिहार के पटना एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। यहां पर गोएयर के विमान से एक पक्षी टकरा गया। फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार को गोएयर की प्लाइट बैंगलुरु से पटना आ रही थी। तभी विमान के पंखों से एक पक्षी टकरा गया। 11 बजकर 35 मिनट विमान आने का समय था। लेकिन लैंडिंग से पहले ही बर्ड हिट हुआ। हालांकि पायलट की सूझबूझ के कारण बड़ा हादसा टला और विमान को सुरक्षित लैंडिंग हुई। बताया जा रहा है कि विमान के पंखों में थोड़ी खराबी आई है इस ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल विमान रनवे पर खड़ा है। तकनीकी अधिकारियों ने विमाना का मुआयना किया है। विमान पूरी तरह से यात्रियों से भरा था और 170 से अधिक यात्री विमान में सवार थे। ठीक होने पर वापस भेजा जाएगा। वहीं यात्रियों को दूसरे विमान से भेजने का प्रबंध किया गया है।

## कंझावला में जो हुआ, वो बेहद शर्मनाक : केजरीवाल

### दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

मानवता को शर्मसार कर देने वाले दिल्ली के कंझावला कांड को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चिंता व्यक्त की है। सीएम ने सोमवार को दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) से बात कर इस कांड के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि आरोपियों के भले ही उच्च राजनीतिक संबंध हों, उन पर कोई नरमी नहीं दिखानी चाहिए और उनको कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि कंझावला में हमारी बहन के साथ जो हुआ, वो बेहद शर्मनाक है। मैं उम्मीद करता हूं कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे लोगों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। सीएम ने कहा कि मैंने एलजी से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और उन पर आईपीसी की सख्त से सख्त धाराएं लगाने की मांग की है। राजघाट डिपो पर नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद मीडिया से बात करते हुए सीएम ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक घटना है। समझ में नहीं आता है कि हमारा समाज किस तरफ जा रहा है कि कुछ लड़कों ने अपनी गाड़ी से एक लड़की को कई किलोमीटर तक घसीटा और उसकी मौत हो गई। मैं उम्मीद और अपील करता हूं कि युवती की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो भी आए, आरोपी चाहे कितने भी रसूख वाले हों, लेकिन उनको कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे लोगों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। यह तो किसी के भी बहन, बेटी और बहू के साथ हो सकता है। इसमें आरोपी राजनीति लोगों से भले ही जुड़े हों, लेकिन हम सबको मिलकर यह प्रयास करना चाहिए कि उनको कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## शुभाशीष पांडा डीडीए के नए उपाध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** नौकरशाह शुभाशीष पांडा ने सोमवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष के तौर पर कार्यभार संभाला। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, हिमाचल प्रदेश कैडर



के 1997 बैच के आईएएस अधिकारी पांडा डीडीए उपाध्यक्ष बनने से पहले हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव पद का कार्यभार संभाल रहे थे। डीडीए ने बताया कि दो दशक से भी लंबे करियर में पांडा ने स्वास्थ्य, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, शहरी विकास, पर्यटन, योजना, लोक निर्माण और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में काम कर चुके हैं। बयान के अनुसार, कोविड-19 महामारी के दौरान पांडा ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के उपनिदेशक (प्रशासन) के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सुनिश्चित किया।

### सुल्तानपुरी थाने में बंद मनोज मित्तल बीजेपी का नेता

## कंझावला मामले में लीपापोती कर रहे एलजी और पुलिसः आप

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

आम आदमी पार्टी (आप) ने कंझावला मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) और दिल्ली पुलिस पर लीपापोती करने का आरोप लगाया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज का कहना है कि नए साल पर लड़की को सड़क पर घसीट-घसीट कर मारने वाला भाजपा का नेता है। इस वजह से मामले पर एलजी और दिल्ली पुलिस लीपापोती कर रही है।

उन्होंने कहा कि सुल्तानपुरी थाने में बंद दरिंदा मनोज मित्तल बीजेपी का अध्यक्ष और मंडल का सह-संयोजक है। भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के एलजी विनय सक्सेना ने पुलिस को इस हालत में खड़ा कर दिया है कि बीजेपी का नेता लड़की को गाड़ी से घसीट रहा है और पुलिस उसे रोक नहीं पाई। भाजपा के नेता 12 किमी गाड़ी में लाश फंसाकर चलते रहे और पुलिस कह रही है कि तेज म्यूजिक की वजह से पता नहीं चला। बीजेपी की गाड़ी का पीछा करते हुए चश्मदीद गवाह ने दिल्ली पुलिस को 22 कॉल किए और 3 पीसीआर मिलीं पर किसी ने नहीं रोका।

उन्होंने कहा कि पुलिस को सुबह 4:11 पर फोन आता है कि लड़की की लाश पड़ी है तो पुलिस लाश बरामद करने पहुचंती है। क्या ये एलजी और पुलिस पर सवालिया निशान नहीं लगाता? इस बच्ची के साथ हो सकता है बलात्कार हुआ हो या बलात्कार की कोशिश हुई हो,



इसकी जांच होनी चाहिए। आप नेता ने कहा कि डीसीपी हरेंद्र सिंह पत्रकारों को धमकाते हैं कि अगर किसी ने कहा रेप हुआ है तो पुलिस एक्शन लेगी। दिल्ली पुलिस के डीसीपी आरोपियों का बयान अपना वर्जन बनाकर सामने रख रहे हैं। इससे घटिया काम कोई पुलिस वाला नहीं कर सकता। एलजी नाव में घूमते हैं और कहते हैं कि उनका सिर शर्म से झुक गया। ऐसा होता तो डीसीपी-एसएचओ बर्खास्त हो गए होते। एलजी विनय सक्सेना रात को रैन बसेरे में जाते हैं और कंबल नहीं मिलने पर सीओ को बर्खास्त करते हैं। मगर इतनी बड़ी हत्या होने पर कोई कार्रवाई नहीं। भारद्वाज ने कहा कि मैं विनय सक्सेना को चुनौती देता हूं कि वो आरपियों की कॉल डिटेल पब्लिक करें। क्योंकि वो आरोपी लगातार पुलिस के अफसरों और भाजपा के नेताओं के संपर्क में थे। दिल्ली के उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस की यह हालत कर दी है। विनय सक्सेना को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए। आप नेता ने कहा कि एक सामान्य प्रोटोकॉल है कि नए साल के जश्न के दिन और आधी रात और उसके बाद तक सड़कों पर लोग मौजूद होते हैं। पुलिस की ओर से जगह-जगह बैरिकेडिंग लगना एक सामान्य प्रोटोकॉल है। यदि कोई शराब पीकर गाड़ी चला रहा है या कोई भी इस तरीके की संदेहजनक एक्टिविटी हो रही है तो ऐसे में 31 दिसंबर की रात को जगह-जगह चेकपोस्ट पर लोगों की शिनाख्त करना पुलिस का एक साधारण सा प्रोटोकॉल है। ऐसी रात को दिल्ली पुलिस को सुबह करीब 3 बजकर 22 मिनट पर एक हलवाई की दुकान पर काम करने वाला दुकानदार फोन करके बताता है कि साहब ग्रे कलर की एक बोलेरो गाड़ी जा रही है, जिसमें नग्न अवस्था में एक लड़की फंसी हुई है। वह गाड़ी 20 से 30 की स्पीड में चल रही है, इसे आप देखें। आदमी स्वयं उस गाड़ी का पीछा करता है, इसके बावजूद पुलिस उस गाड़ी को नहीं पकड़ पाती है।

## व्यापार-लाइसेंस को लेकर लगाया विशेष शिविर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

ट्रेडर्स को सामान्य व्यापार लाइसेंस भंडारण लाइसेंस या स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस प्राप्त करने में मदद के उद्देश्य से दिल्ली नगर निगम के शाहदरा उत्तरी क्षेत्र द्वारा 2 से 7 जनवरी तक मार्किट एसोसिएशन के सहयोग से विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का आयोजन नेहरू मार्किट एसोसिएशन और न्यू सीलमपुर मार्किट एसोसिएशन,न्यू सीलमपुर में किया जा रहा है। लाइसेंस संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ संपत्ति कर विभाग के अधिकारी भी शिविर में उपस्थित रहेंगे ताकि यूपिक आईडी और संपत्ति कर से संबंधित अन्य शिकायतों का भी निवारण किया जा सके।



शिविरों के दौरान एमसीडी अधिकारी नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध और स्वच्छता के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं। दिल्ली नगर निगम के शाहदरा उत्तरी क्षेत्र द्वारा पहले भी इस तरह के विशेष कैंप आयोजित किए जा चुके हैं। नेहरू मार्केट, न्यू सीलमपुर और शनि मार्केट, सुंदर नगरी में 26 से 30 दिसंबर 2022 के बीच आयोजित इन शिविरों के दौरान एमसीडी ने कुल 36 लाइसेंस जारी किए और 3.73 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया था। शाहदरा उत्तरी क्षेत्र द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 1 अप्रैल से 30 दिसंबर 2022 तक कुल 2454 ऑनलाइन जीटीएल जारी किए गए हैं, जिसमें इन शिविरों में लागू और जारी किए गए लाइसेंस भी शामिल हैं और 2.69 करोड़ रुपए का राजस्व एकत्र किया गया है। दिल्ली नगर निगम, एमसीडी दिल्ली के पूर्ववर्ती तीन निगमों के एकीकरण के बाद अपने आय स्रोतों को बढ़ाने के लिए अथक प्रयास कर रहा है। इस दिशा में काम करते हुए एमसीडी ने नए सामान्य व्यापार लाइसेंस लेने और पुराने लाइसेंस के नवीनीकरण की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन और पारदर्शी बना दिया है। दिल्ली नगर निगम व्यापारियों से अनुरोध करता है कि वे शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लें और जल्द से जल्द अपना लाइसेंस प्राप्त करें।

## लूला डा सिल्वा ने तीसरी बार ली ब्राजील के राष्ट्रपति पद की शपथ

**एजेंसी, ब्रासिलिया**

लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा ने रविवार को ब्राजील के राष्ट्रपति पद की शपथ ली। लूला डा सिल्वा ने पद संभालने के बाद अपने पहले संबोधन में देश को फिर से पटरी पर लाने पर जोर दिया और अपने पूर्ववर्ती जायर बोल्सोनारो के प्रशासन के सदस्यों को उनके कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराने का संकल्प किया। लूला डा सिल्वा ने बोल्सोनारो के फिर से सत्ता में आने के सपने को तोड़ते हुए तीसरी बार राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला है।

कांग्रेस के निचले सदन में लूला डा सिल्वा ने कहा, ब्राजील के लिए हमारा संदेश आशा व पुनर्निर्माण का है।



अधिकारों, संप्रभुता और विकास की इस महान इमारत को हाल के वर्षों में काफी नुकसान पहुंचाया गया। इसे फिर से खड़ा करने के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे। लूला डा सिल्वा के हजारों समर्थक उनकी वर्कर्स पार्टी को प्रतिबिंबित करने वाले लाल रंग के कपड़े पहने रविवार को शपथ ग्रहण के बाद खुशी से झूमते दिखे।

लूला ने कहा कि वह सभी सांसदों और न्यायिक अधिकारियों को पूर्व प्रशासन के बारे में एक रिपोर्ट भेजेंगे। बोल्सोनारो के आपराधिक फरमानों को रद्द करेंगे और कोविड-19 वैश्विक महामारी के खिलाफ लचर रणनीतिक को लेकर भी उनकी जवाबदेही तय करेंगे।

हम उन लोगों के खिलाफ बदले की भावना नहीं रखते हैं जिन्होंने देश को अपने व्यक्तिगत व वैचारिक मंसूबों के अधीन लाने की कोशिश की, लेकिन हम कानून का शासन सुनिश्चित करने जा रहे हैं।

## 77 साल पुराने हो चुके संयुक्त राष्ट्र में सुधार होना चाहिए : विदेश मंत्री जयशंकर


### यूएन में बदलाव के लिए जोर देना नई दिल्ली की नीति का एक अहम हिस्सा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि 77 साल पुराने संगठन संयुक्त राष्ट्र को नया रूप देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में बड़े बदलाव के लिए जोर देना नई दिल्ली की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जयशंकर ने रविवार को यहां ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए ए टिप्पणियां कीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व विदेश मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज के प्रयासों से भारतीय समुदाय के साथ हमारे संबंध मजबूत हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र में सुधारों और इनमें भारत की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा, संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 1945 में हुई थी। मैं लोगों से कहता हूं कि कोई ऐसी चीज बताएं जो 77 साल पुरानी हो और उसमें आपको सुधार की जरूरत न लगती हो। लोग बदलते हैं, संस्थानों में भी बदलाव होने चाहिए। हमें बदलाव की जरूरत है। दुनिया का एक बड़ा हिस्सा यह नहीं मानता कि संयुक्त राष्ट्र निष्पक्षता से उसकी आवाज उठाता है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में काफी समय से लंबित सुधारों के लिए हुए प्रयासों में भारत सबसे आगे रहा है। भारत कहता रहा है कि वह सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने का हकदार है।

जयशंकर ने कहा, समस्या यह है कि जो प्रभावशाली हैसियत रखते हैं वे स्पष्ट रूप से अपने प्रभाव को कम होते नहीं देखना चाहते। ऐसे में हम लोगों को उस परिवर्तन के लिए कैसे



राजी कर सकते हैं, जो अपने अल्पकालिक फायदों के कारण पुरानी प्रणाली से चिपके रहने के लिए मजबूर हैं, यह एक वास्तविक समस्या है।

मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में सुधारों पर जोर देना भारत की विदेश नीति का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन रातों-रात नहीं होगा।

विदेश मंत्री ने कहा, हम कोशिशें जारी रखेंगे। यह हमारे लिए और हमारी विदेश नीति के लिए बहुत महत्वपूर्ण लक्ष्य है। यह रातों-रात नहीं होगा, लेकिन एक दिन ऐसा होगा, मुझ पर विश्वास करें।

सुरक्षा परिषद के पांच स्थाई सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका हैं। ए देश किसी भी मूल प्रस्ताव को वीटो कर सकते हैं। समकालीन वैश्विक वास्तविकता को दर्शाने के लिए स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग बढ़ रही है।

जयशंकर ने भारतीय समुदाय से संबंध मजबूत होने के लिए पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के प्रयास की सराहना की।

मंत्री से जब पूछा गया कि स्वराज के भारतीय विदेश मंत्री रहते विदेश नीतियों में क्या बदलाव आया , तो उन्होंने कहाः मुझे बहुत खुशी है कि आपने मेरी पूर्ववर्ती दिवंगत सुषमा स्वराज जी का उल्लेख किया। तथ्य यह है कि विदेश में भारतीय समुदायों के साथ हमारे संबंध मजबूत हुए हैं और मजबूत रहेंगे, उन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया।

स्वराज का 6 अगस्त, 2019 को 67 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने के कारण निधन हो गया था।

जयशंकर दो देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में साइप्रस से ऑस्ट्रिया पहुंचे हैं।

यह पिछले 27 वर्षों में किसी भारतीय विदेश मंत्री की पहली ऑस्ट्रिया यात्रा है। जयशंकर की यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब दोनों देश 2023 में राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

### सीमा पार से होने वाले आतंकवाद को किसी एक क्षेत्र के अंदर सीमित नहीं किया जा सकता : जयशंकर

पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि सीमा पार से होने वाले आतंकवाद को किसी एक क्षेत्र के अंदर सीमित नहीं किया सकता, खासतौर पर जब वह मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी तथा अंतरराष्ट्रीय अपराधों के अन्य स्वरूपों से गहराई से जुड़ा हुआ है। ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री अलेक्जेंडर शैलेनबर्ग के साथ संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिति पर उनके बीच खुली और सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बहुत हद तक दोनों देशों के रुख समान हैं, हालांकि हम अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित हैं और हमारी कुछ बाध्यताएं हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के कारण शांति एवं सुरक्षा के लिए होने वाले खतरों पर बातचीत की। इसमें हिंसक चरमपंथ और कट्टरपंथ द्वारा सीमा पार से होने वाला आतंकवाद भी शामिल है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के प्रभावों को एक क्षेत्र में सीमित नहीं किया जा सकता, खास तौर पर जब वे मादक पदार्थों और अवैध हथियारों की तस्करी तथा अंतरराष्ट्रीय अपराधों के अन्य स्वरूपों से गहराई से जुड़े हुए हैं। किसी देश का नाम लिए बगैर कहा, चूंकि (आतंकवाद का) का केंद्र भारत के इतना करीब स्थित है कि स्वाभाविक रूप से हमारे अनुभव और अंतर्दृष्टि अन्य के लिए उपयोगी है।

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री चंदूलाल साहू 4 से 6 जनवरी तक उज्जैन, इंदौर एवं राजगढ़ प्रवास पर

**भोपाल, माधव एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री चंदूलाल साहू 4 जनवरी को उज्जैन, 5 जनवरी को इंदौर एवं 6 जनवरी को राजगढ़ प्रवास पर रहेंगे। श्री चंदूलाल साहू 4 जनवरी को प्रातः 12 बजे उज्जैन के संभागीय कार्यालय में उज्जैन ग्रामीण मोर्चा की जिला बैठक, दोपहर 3 बजे उज्जैन नगर मोर्चा की जिला बैठक एवं सायं 4 बजे विभिन्न समाज प्रमुखों की बैठक में भाग लेंगे। श्री साहू 5 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे इंदौर नगर मोर्चा की जिला बैठक, दोपहर 1 बजे इंदौर ग्रामीण मोर्चा की जिला बैठक एवं दोपहर 3 बजे विभिन्न समाज प्रमुखों की बैठक में भाग लेने के पश्चात सायं 4 बजे कार्यकताओं से भेंट करेंगे। श्री साहू 6 जनवरी को दोपहर 12 बजे राजगढ़ में मोर्चा की जिला बैठक के पश्चात सायं 4 बजे श्रीमदभागवत कथा में शामिल होंगे।

## 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की परेड में उज्जैन के एन.सी.सी कैडेट का हुआ चयन



**उज्जैन, माधव एक्सप्रेस।** 26 जनवरी को दिल्ली में होने वाली गणतंत्र दिवस की परेड में उज्जैन से एनसीसी कैडेट अभिजीतसिंह देवड़ा का चयन हुआ है। उज्जैन शहर के लिए गौरवान्वित पल है कि 10 मध्यप्रदेश बटालियन एन. सी. सी उज्जैन शहर से अभिजीतसिंह एक मात्र छात्र सैनिक है जिनका चयन इस परेड के लिए हुआ है। लेफ्टिनेंट चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होना हर एक एन.सी.सी कैडेट का सपना होता है, जिसे कैडेट वास्तविकता में पूरा करना चाहता है ऐसा ही सपना निर्मला महाविद्यालय उज्जैन के एन.सी.सी कैडेट अभिजीत सिंह देवड़ा ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के दम पर पूरा कर दिखाया। निर्मला महाविद्यालय के एन.सी.सी अधिकारी लेफ्टिनेंट चन्द्रशेखर शर्मा ने बताया की अभिजीत सिंह देवड़ा मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के 111 सैनिक छात्र-छात्राओं के दल में सम्मलित हैं। सितम्बर माह से लगातार 10 कैम्प में कड़ी मेहनत और लगन से इस सफलता को अर्जित किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर बिशप डॉ. सेबस्टियन वडक्केल, निर्मला महाविद्यालय एवं निर्मला शिक्षा महाविद्यालय के निदेशक फा.डॉ.एंटोनी जोसेफ निरप्पेल, निर्मला महाविद्यालय की प्राचार्या व निर्मला शिक्षा महाविद्यालय की अकादमिक निदेशक, डॉ. कीर्ति डिड्डी, 10 मध्यप्रदेश बटालियन एन.सी.सी के कमान अधिकारी कर्नल जी.पी.चौधरी, निर्मला महाविद्यालय के एन.सी.सी अधिकारी लेफ्टिनेंट चन्द्रशेखर शर्मा, एवं महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## स्टारप्लस का बहुप्रतीक्षित शो 'तेरी मेरी डोरियां' आज शाम 7 बजे होगा लॉन्च

**मुंबई, माधव एक्सप्रेस**

स्टारप्लस ने हमेशा दिलचस्प और एंटरटेनिंग कहानियों के साथ दर्शकों का एंटरटेनमेंट किया है। नए शो के साथ, नई इनोवेटिव कहानियां के साथ नए कॉन्सेप्ट, स्टारप्लस एक ऐसा चैनल है जिसने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। स्पेशल स्टोरीज को लॉन्च करने की होड़ को आगे बढ़ाते हुए, यह अपने आने वाले शो 'तेरी मेरी डोरियां' के लॉन्च के लिए पूरी तरह तैयार है, जो पंजाब के दिल में बसा एक और आकर्षक शो है जिसमें प्यार और रिश्तों की अलग अलग कहानियां शामिल हैं। यह आज शाम 7 बजे रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस शो ने अपनी घोषणा के बाद से ही अपने लुभावने प्रोमोज के साथ जनता का ध्यान खींचा है। लार्जर दैन लाइफ, मल्टी-स्टारर ड्रामा के हर एलिमेंट के साथ, यह शो बराड़ ब्रदर्स और मोंगा सिस्टर्स की कहानी दिखाता है, जो एक मसालेदार क्रिस-क्रॉस रोमांस में उलझ जाते हैं, जिससे दर्शक हैरान रह जाते हैं। ऐसे में किसका दिल किसके साथ जुड़ता है ये देखने लायक होगा शो का पहले




प्रोमो में बराड़ और मोंगा्स की झलक दिखाई गई थी, जिसे टॉप शो 'गुम है किसी के प्यार में' की लीड कास्ट सई, विराट और पाखी ने प्रेजेंट किया था। इसके बाद जारी किए गए टीजर में इनोवेटिव रैप कराओके सॉन्ग, और लेटेस्ट प्रोमो ने हमें उस गतिशीलता की एक झलक दी है जिसे किरदार एक दूसरे के साथ साझा करते हैं। जबकि अंगद सीरत से प्यार करता है, उसके कजिन गैरी की नजर भी उस पर है। अंगद और साहिबा अक्सर इगो और विश्वासों के टकराव का सामना करते हैं, लेकिन क्या उनकी सिजलिंग केमिस्ट्री उनके बीच छिपी प्रेम कहानी का इशारा करती है अपनी अनूठी, तेज-तर्रार कहानी के साथ शो के पास दर्शकों को देने के लिए बहुत कुछ है। अगर हम इसके प्रतिभाशाली और शानदार कलाकारों को देखें, तो इस शो में विजयेंद्र कुमेरिया और हिमांशी पाराशर मुख्य भूमिका में होंगे। शो के लॉन्च के बारे में अपनी एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए, लीड एक्टर विजयेंद्र कुमेरिया ने कहा, ₹मैं शो के लॉन्च को लेकर वास्तव में बहुत उत्साहित हूं। जब से शो शुरू हुआ है, तब से मैं दिन गिन रहा हूं। मैं बस यही चाहता हूं कि दर्शक भी उस जादू को देख सकें जिसे हम स्क्रीन पर दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। यह शो मेरे लिए पूरी तरह से एक नई और अलग यात्रा रही है। यह शो मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि इसने न केवल मुझे शारीरिक रूप से बदल दिया बल्कि एक व्यक्ति के रूप में मुझे विकसित भी किया और मुझे लगता है कि मैं इस किरदार के साथ हर दिन बढ़ रहा हूं और सबसे ऊपर, क्योंकि मैं एक पंजाबी हूं और मुझे यह शो मिला है जो एक पंजाबी बैकग्राउंड पर सेट किया गया है, इसलिए मैं और कुछ नहीं मांग सकता फीमेल लीड हिमांशी पराशर ने आगे कहा, "तेरी मेरी डोरियां' वास्तव में मेरे लिए एक बहुत ही खास शो है क्योंकि शो की कहानी पंजाबी है और मैं भी एक पंजाबी हूं। इसके अलावा, मैं कई सालों से पंजाब में रहती हूं और इसलिए इस शो के लिए शूटिंग करना मेरे लिए दिल को छू लेने वाला अनुभव था। भावनाओं से लेकर इसकी क्षेत्रीय पृष्ठभूमि तक, हमने शो की कहानी को ऑथेंटिक रखने की कोशिश की है। कुल मिलाकर रियलिटी और रॉनेस शो की सबसे बड़ी यूएसपी हैं। ये सीरीज पंजाब के बहुत ही खूबसूरत लोकेशन पर सेट है, एक ऐसी सेटिंग जो इसके साथ अद्वितीय रोमांस, उत्साह और ऊर्जा लाती है। तो स्टार प्लस पर तेरी मेरी डोरियां देखने के लिए हो जाइए तैयार जो 4 जनवरी से शाम 7 बजे टेलीकास्ट होगा।

## एक-दूसरे को ब्लैकमेल करना, फंसाना ही कांग्रेस का चरित्रः विष्णुदत्त शर्मा

**भोपाल, माधव एक्सप्रेस**

क्या कांग्रेस के पास यही सब कुछ रह गया है क्या कांग्रेस अब सीडी, पेन- ड्राइव के सहारे जिंदा रहने का प्रयास कर रही है मुझे लगता है कि अब एक-दूसरे को ब्लैकमेल करना और फंसाना ही कांग्रेस का चरित्र बन गया है। कांग्रेस के लोग चौबीसों घंटे झूठ बोलते हैं, शर्म आनी चाहिए उन्हें। मैं कांग्रेस के इन नेताओं को चुनौती देता हूं कि अगर आप में हिम्मत है, तो जिन लोगों की सीडी होने की आप बात कर रहे हैं, उन्हें समाज के सामने लेकर आएं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह के सीडी वाले बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही।



### झूठ बोलने के लिए जनता से माफी मांगें नेता प्रतिपक्ष

श्री शर्मा ने कहा कि झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करना एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति को शोभा नहीं देता। आप कोई सामान्य व्यक्ति नहीं हैं, एक संवैधानिक पर हैं ऐसे में कुछ भी बोलते रहना उचित नहीं है। श्री शर्मा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को जो भी बोलना हो, पूरी जिम्मेदारी से बोलना चाहिए और अगर आपको लगता है कि आपकी बात में कोई तथ्य है, तो आप उसे जनता के सामने लेकर आइये, वर्ना झूठ बोलने के लिए प्रदेश की जनता से माफी मांगिये। श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झूठ और छल-कपट की राजनीति करने वालों की चिंता नहीं करती।

### सदन में क्यों नहीं की चर्चा?

श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस देश में अलग-थलग पड़ गई है और बहुत बुरे दौर से गुजर रही है। ऐसे में अगर पार्टी के नेता प्रतिपक्ष जैसे लोग इस तरह की बातें करेंगे, ऐसी भाषा बोलेंगे, तो कांग्रेस का हश्र क्या होगा, समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस के पास कोई महत्वपूर्ण जानकारी थी, तो उस पर विधानसभा के सदन में चर्चा क्यों नहीं की उस समय सदन छोड़कर भाग गए और अब मीडिया के सामने इस प्रकार की बातें कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि इस तरह की बातें करने वालों को जनता ही जवाब देती है और गोविंदसिंह जी भी यह अच्छे से जानते हैं कि उनके क्षेत्र की जनता उनके बारे में क्या सोचती है, लोग क्या सोचते हैं।

### बैठक में हुई आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि मंगलवार को प्रदेश महामंत्री तथा संभाग प्रभारियों के साथ नियमित बैठक की है। यह एक नियमित बैठक थी, जिसमें आगामी कार्यक्रमों एवं पार्टी के अभियानों पर विस्तृत चर्चा की गई है। इसके अलावा जो अभियान संपन्न हो चुके हैं, उनकी समीक्षा भी इस बैठक में की गई है।

## कंझावला केसः आरोपी दोषी साबित हुए तो मिलेगी कौन सी सजा?

**दिल्ली, माधव एक्सप्रेस**

दिल्ली के कंझावला में नए साल के जश्न के बीच एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई. दरअसल 31 दिसंबर और एक जनवरी की दरमियानी रात को एक्सीडेंट दौरान एक युवती गाड़ी के नीचे फंस गई. जिस कार से युवती की स्कूटी टकराई थी उस कार के साथ युवती 7-8 किलोमीटर तक घिसटती चली गई. इतनी लंबी दूरी तक घसीटे जाने की वजह से युवती के कपड़ों के साथ ही उसका शरीर भी क्षत-विक्षत हो गया. जब कार चालक को इसका पता चला तब-तक युवती की मौत हो चुकी थी. पुलिस को युवती की लाश नग्न अवस्था में मिली थी. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने कार में सवार 5 आरोपियों को धर दबोचा है. दिल्ली पुलिस इस मामले में केस दर्ज कर आगे की जांच कर रही है. इस घटना ने एक तरफ जहां पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है. वहीं दूसरी तरफ दिल्ली में महिलाओं की सेफ्टी को लेकर फिर से सवाल उठ खड़ा हुआ है. इस मामले में दिल्ली पुलिस ने युवती के परिवारवालों को पांचों आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है. यहां पर ये बात गौर करने वाली है कि इस मामले में आईपीसी की जो धाराएं आरोपियों पर लगाई गई हैं उनके दोषी साबित होने पर उन्हें कितनी सजा मिलेगी, क्या उनके संगीन जुर्म के लिए इन धाराओं के तहत दी गई सजा काफी होगी।

### पहले समझते हैं क्या है पूरा मामला


घटना 31 दिसंबर 2022 की है. बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में देर रात एक युवती अपने दोस्त के साथ स्कूटी पर सवार होकर जा रही थी. इस बीच एक कार की स्कूटी से टक्कर हो गई. इस एक्सीडेंट में स्कूटी पर सवार दोनों घायल हो गए. जिस कार ने स्कूटी को टक्कर मारी थी उसमें पांच लोग सवार थे और सभी नशे में थे. कार सवार लोगों ने टक्कर मारने के बाद गाड़ी रोके बिना ही उसकी स्पीड तेज कर दी. स्कूटी पर सवार लड़की का पैर टक्कर लगने के कारण एक्सल में फंस गया और कार की रफ्तार के साथ वो भी खींची चली गई. उस दौरान उसके सारे कपड़े फट गए. युवती की मौके पर ही मौत हो गई. कार सवार पांच आरोपियों ने कंझावला रोड पर जोंटी गांव के पास जब कार रोका तो पाया कि उसके कार में एक युवती फंसी हुई है. आरोपी ने उल युवती को कार से निकालकर वहीं फेंक कर चले गए. जब पुलिस का उसका शव मिला तब उसके शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था. पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी और सीसीटीवी फुटेज की मदद से कार चालक और अंदर बैठे सभी आरोपियों को पकड़ लिया है. किन किन धाराओं में किया गया केस दर्ज













इस मामले में पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद किए प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 279, 304, 304 ए, 120 बी के तहत मामला दर्ज किया है. हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि अभी इस मामले में जांच जारी है. प्रारंभिक जांच के बाद अगर कुछ और तथ्य सामने आते हैं तो प्राथमिकी में उन धाराओं को भी जोड़ दिया जाएगा. प्राथमिकी में दर्ज की गई धाराओं में कितनी सजा मिल सकती है।

**आईपीसी की धारा 279:** किस भी पब्लिक प्लेस पर जानबूझकर या असावधानी से गाड़ी या वाहन चलाकर किसी अन्य की जिंदगी खतरे में डालना या घायल करना इस धारा में अंदर आता है. अगर ऐसे मामले में अपराध साबित होते हैं तो दोषी को अधिकतम तीन महीने की सजा और एक हजार रुपए तक जुमार्ना या दोनों सजा एक साथ का प्रावधान है.

**आईपीसी की धारा 304:** इसके तहत (गैर इरादतन हत्या) बिना किसी इरादे के की गई हत्या का मुकदमा चलता है. इस मामले में दोषी पाए जाने पर अपराध की गंभीरता के आधार को देखते हुए उम्र कैद और जुमार्ना या कठोर कारावास की सजा हो सकती है. हत्या के सभी अपराध गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आते हैं.

**आईपीसी की धारा 304 एः** इस धारा के तहत जल्दबाजी में, उतावलेपन में कोई ऐसा कार्य करना जिससे किसी व्यक्ति की हत्या हो जाए के तहत सजा का प्रावधान है. ऐसे मामलों में दोषी पाए जाने पर दो साल तक की जेल, जुमार्ना, या जेल और जुमार्ना दोनों हो सकता है. ये जमानती धाराएं हैं. मजिस्ट्रेट इस मामले की सुनवाई कर सकते हैं. साथ ही इसमें जमानत के लिए अर्जी भी लगाई जा सकती है.

**क्या कहते हैं एक्सपर्टः** कडकडडूमा कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट महेश शर्मा कहते हैं कि राजधानी में ऐसी दर्दनाक घटना होना बेहद चिंताजनक है. फिलहाल मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी नहीं आए हैं. अभी तक जो जांच हुई है इससे लगता है कि पूरा मामला ड्रंक एंड ड्राइव का है. अगर आरोपियों का दोषी साबित होता है तो उन्हें कठोर कारावास की सजा और आजीवन कारावास की सजा मिल सकती है.

**परिवार वाले नहीं मानते हादसाः** युवती के परिजनों को संदेह है कि यह एक हादसा नहीं है, बल्कि लड़की के साथ कुछ न कुछ गलत हुआ है. लड़की के मामा समेत सभी परिवार वाले रेप की आशंका जता रहे हैं. स्कूटी से करीब 10 किलोमीटर दूर लड़की की बॉडी मिला है और शरीर पर कपड़े नहीं थे.


**क्या कहना है मृतक की मां काः** मां ने बताया कि घर में केवल उनकी बेटी ही कमाने वाली थी और इवेंट मैनेजमेंट का काम करती थी. वह मां से बोलकर निकली थी कि काम के लिए पंजाबी बाग जा रही है. इसके आगे बेटी ने उन्हें कुछ नहीं बताया था. 31 दिसंबर की शाम को 6.00 बजे वह घर से निकली थी. रात 9.00 बजे मां ने कॉल किया तो फोन ही नहीं लगा. देर रात 11.00 बज लगे, लेकिन कॉल बैक भी नहीं आया. इसके बाद सुबह एक फोन आया और पता चला कि बेटी का एक्सीडेंट हो गया है. पीड़ित मां का कहना है कि उन्हें उनकी बच्ची को देखने भी नहीं दिया गया है. वहीं, मृतक लड़की के परिजन ने बताया कि घर में सुबह 10.00 बजे कॉल आया कि बेटी का एक्सीडेंट हो गया है. थाने पहुंचे तो वहां दो लड़कों को पकड़ कर रखा गया था. घर में कमाने वाला और कोई व्यक्ति नहीं है, सिर्फ वही कमाती थी. अरविंद केजरीवाल ने कंझावला पीड़िता परिवार को 10 लाख मुआवजा देने का एलान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पीड़िता की मां से बात हुई. बेटी को न्याय दिलवायेंगे. बड़े से बड़ा वकील खड़ा करेंगे. उनकी मां बीमार रहती हैं. उनका पूरा इलाज करवायेंगे. पीड़िता के परिवार को दस लाख रुपये का मुआवजा देंगे. सरकार पीड़िता के परिवार के साथ है. भविष्य में भी कोई जरूरत हुई तो हम पूरा करेंगे।

मध्यप्रदेश शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

## हर ग्रामीण पात्र परिवार को आवास हेतु भूखण्ड

# मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना

# भू-अधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम

मुख्य अतिथि

## शिवराज सिंह चौहान

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

₹ 255 करोड़ से अधिक लागत की बान सुजारा समूह जल प्रदाय योजना का **शिलान्यास**

## टीकमगढ़ जिले से शुभारंभ

पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों की **कार्यशाला**

## जिले के 10 हजार 918 हितग्राहियों को ₹ 129.37 करोड़ मूल्य के आवासीय भूखण्डों का वितरण

4 जनवरी, 2023 । अपराह्न 1:15 बजे

**राजस्व विभाग, मध्यप्रदेश**

सीधा प्रसारण    Webcast.gov.in/mp/cmevents    DDMP    @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh    @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP    JansamparkMP

D-11182/22

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2023